तापमान

अधिकतम 33.2 डिग्री

न्यूनतम 24.2 डिग्री

हरिभूमि
# बिलासपुर भूमि
बिलासपुर, शुक्रवार 4 अप्रैल 2025



बेलगहना क्षेत्र में खनिज विभाग ने रेत का अवैध परिवहन करते दर्जनों वाहनों को जब्त किया है।



## अहातों के लिए आवेदन 11 तक, 21 को होगा आबंटन

**बिलासपुर।** शराब दुकानों में अहाता खोलने आबकारी विभाग द्वारा 2 अप्रैल से 15 अप्रैल आवेदन मंगाए जा रहे हैं। वर्तमान में ऑनलाइन सिस्टम लागू कर दिया गया है। आबकारी विभाग इस दौरान नया लाइसेंस देने नई पहल की है आवेदन में पारदर्शिता बरतने ऑनलाइन मोड से आवेदन स्वीकार किए जा रहे हैं। जिले में 34 अहाते खोले जाएंगे। इस बार दो सालों के लिए अहाता लाइसेंस जारी किया जाएगा। 11 अप्रैल तक आवेदन आमंत्रित किये गए हैं और 15 अप्रैल को जिला समिति के द्वारा आवेदनों की छंटनी कर लॉटरी निकाली जाएगी। 21 अप्रैल को अहातों का आंबटन किया जाएगा।

## मौसम का उतार चढ़ाव जारी

# दिन भर छाए रहे बादल, शाम होते ही शुरू हो गई बूंदाबांदी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

मौसम में उतार चढ़ाव का सिलसिला थम नहीं रहा है, गुरुवार को भी सुबह से आसमान पर घने बादल छाए रहे, शाम तक धूप नहीं निकली, जिससे तापमान तो कुछ कम हो गया, परन्तु उमस बढ़ गई। शाम होते ही शहर के कई इलाकों में बूंदाबांदी होने लगी, इससे उमस और अधिक बढ़ गई। रात तक बारिश की संभावना बनी रही। मौसम विभाग के अनुसार पश्चिमी विक्षोभ के कारण मौसम बदल चुका है इस दौरान बादल छाने और गरज चमकने की संभावना जताई जा रही है।

■ गर्मी कम हुई, परन्तु उमस कर रही हलाकान

पिछले सप्ताह मौसम साफ होने के कारण गर्मी ने अपने तेवर दिखाने शुरू कर दिए थे। तापमान बढ़ते बढ़ते 40 डिग्री पहुंच गया था, लगने लगा था कि अब जल्द ही लू का कहर शुरू होने वाला है, परन्तु पिछले 3 दिनों से जिले में तापमान में कमी देखी जा रही है, आसमान पर बादल छाने की वजह से सूरज की तीखी किरणों से राहत मिल रही है और गर्मी भी कम हो चुकी है लेकिन बादल छाने के कारण उमस बढ़ी हुई है। गुरुवार को भी मौसम इसी तरह का रहा। सुबह से शाम तक आसमान पर बादल छाए रहने से लोग दोपहर में आराम से सड़कों पर आवाजाही करते रहे। मौसम विभाग के अनुसार इन दिनों प्रदेश के सभी जिलों में बादल छाए हुए हैं, वहीं जिले के आसपास के इलाकों में गरज चमक के साथ तेज हवाएं चलाने की जानकारी मिल रही है। इस दौरान बलौदा बाजार, जांजगीर चांपा, कोरबा, रायगढ़, सक्ती में शाम के बाद मौसम पूरी तरह से बदल गया है, जिले में भी इसी तरह के आसार बने हुए हैं। गुरुवार को जिले में 33 डिग्री अधिकतम तापमान दर्ज किया गया। वहीं न्यूनतम तापमान 24.3 दर्ज किया गया है।



सुबह से दोपहर तक आसमान में छाए रहे बादल, शाम को हुई पानी की बौछार।

### बढ़ रही मौसमी बीमारों की संख्या

मौसम में उतार चढ़ाव जारी रहने से इन दिनों मौसमी बीमारियों से पीड़ित लोगों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। जिला अस्पताल और सिम्स में सर्दी, खांसी से पीड़ित मरीजों की लंबी कतार देखी जा रही है। स्वास्थ्य विभाग ने इस तरह के मौसम में लोगों से खानपान में सावधानी बरतने की सलाह दी है।

### बिजली की आंखमिचौली जारी

एक ओर गर्मी और उमस लोगों को परेशान कर रही है, वहीं दूसरी ओर बिजली की आंखमिचौली जारी है। शहरी और ग्रामीण इलाकों में घंटों बिजली बंद रहने से लोग पसीना बहा रहे हैं। शिकायत के बाद भी बिजली व्यवस्था में सुधार नहीं लाया जा रहा है।

## नगर निगम में टेंडर प्रक्रिया की तैयारी

# सीवरेज : जमीन के अंदर कितनी पाइप लाइन बिछी, होगा सर्वे



ज्वाली नाला के पास सीवरेज प्लांट का काम अधूरा छोड़कर भागी कंपनी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

शहर में अंडरग्राउंड सीवरेज प्रोजेक्ट के ठेका कंपनी सिंप्लेक्स को टर्मिनेट कर दिया गया है और सिंप्लेक्स से राजसात की गई 30 करोड़ राशि से नए सिरे से काम कराने की नगर निगम की प्लानिंग है। इसके पूर्व सीवरेज के जितने भी काम हुए हैं और जो काम शेष हैं, उनका जीपीआर सर्वे कराया जाएगा। जीपीआर सर्वे के लिए टेंडर प्रक्रिया की तैयारी चल रही है।

■ सिम्पलेक्स की राजसात राशि से होगा बचत कार्य

नगर निगम ने थक हारकर अंडरग्राउंड सीवरेज प्रोजेक्ट के ठेका कंपनी सिंप्लेक्स को टर्मिनेट कर दिया है। इसके साथ ही सिंप्लेक्स की सिक्यूरिटी डिपाजिट के रूप में जमा 30 करोड़ रुपए राजसात कर लिया गया है। अब सवाल यह उठता है कि सिंप्लेक्स को हटाए जाने के बाद अंडरग्राउंड सीवरेज प्रोजेक्ट का क्या होगा। इसके लिए नगर निगम ने राजसात की गई राशि 30 करोड़ से ही सीवरेज के बचत कार्यों को पूरा कराने की प्लानिंग की है। सीवरेज के जो काम शहर में हुए हैं उसमें ऊपरी काम का तो पता चलता है, किन्तु जमीन के नीचे जो काम हुए हैं उसका पता नहीं चल पाएगा। इसके लिए नगर निगम ने सबसे पहले सीवरेज के कार्यों का जीपीआर सर्वे कराने का निर्णय लिया है और जीपीआर सर्वे के लिए टेंडर प्रक्रिया की तैयारी चल रही है। जीपीआर सर्वे से जमीन के नीचे कहां-कहां कितनी पाइप लाइन बिछी है और कहां काम बचा है इसकी जानकारी हो जाएगी। सर्वे के पश्चात ही आगे का काम कराते बनेगा, इसलिए निगम का सीवरेज सेल पहले जीपीआर सर्वे कराने की तैयारी कर रही है। इसके लिए निगम द्वारा दो-तीन कंपनियों से संपर्क भी किया गया है।

### साढ़े पांच हजार प्रापर्टी चेम्बर का काम बाकी

शहर में अंडरग्राउंड सीवरेज प्रोजेक्ट अंतर्गत अभी भी साढ़े पांच हजार प्रापर्टी चेम्बर बनाने का काम बाकी है। इसी तरह शहर के 165 स्थानों पर इंटरकनेक्शन कार्य शेष है। जवाली नाला के पास पंपिंग स्टेशन का काम बचा है जबकि शांति नगर पंपिंग स्टेशन का मैकेनिकल एवं इलेक्ट्रिकल कार्य शेष है तथा मंगला में पंपिंग स्टेशन बनने के बाद पड़ा है जो अब तक चालू नहीं हो पाया है।

### इंजीनियर बदलते रहे काम रहा ठप

अंडरग्राउंड सीवरेज का काम पिछले दो-ढाई साल से बंद है। ठेका कंपनी सिंप्लेक्स द्वारा शहर में कहीं पर काम ही नहीं किया जा रहा है और शहर में सीवरेज का काम अधूरा पड़ा हुआ है। ठेका कंपनी और निगम के बीच पिछला बकाया बिल को लेकर भी काफी समय तक विवाद चलता रहा, जिसके कारण काम बंद रहा। नगर निगम द्वारा बार-बार नोटिस पर नोटिस दिया जाता रहा, किन्तु काम शुरू नहीं हुआ। अंतिम नोटिस के बाद निगम ने ठेका कंपनी को ही प्रोजेक्ट से हटाते हुए उसकी सिक्यूरिटी डिपाजिट राशि राजसात कर ली। दूसरी तरफ सीवरेज प्रोजेक्ट का काम लंबे समय से निगम में देख रहे इंजीनियर सुरेश बरूआ का पिछले साल कोरबा नगर निगम तबादला हो गया, उसकी जगह पर निगम ने इंजीनियर प्रमोद दुबे को सीवरेज सेल की जिम्मेदारी दी, किन्तु कुछ महिनों बाद उनका भी तबादला नगर निगम अंबिकापुर हो गया। वर्तमान में इंजीनियर एसपी साहू को सीवरेज सेल का प्रभारी बनाया गया है। इस तरह से सीवरेज सेल के इंजीनियर बदलते रहे, किन्तु काम बंद पड़ा रहा।

### वर्ष 2008 में शुरू हुआ था प्रोजेक्ट

बिलासपुर शहर में वर्ष 2008 में अंडर ग्राउंड सीवरेज का काम शुरू हुआ था। शुरूआत में इस काम को पूरा करने के लिए दो साल की अवधि निर्धारित की गई थी, लेकिन साल दर-साल सीवरेज परियोजना की समय सीमा और लागत दोनों बढ़ती चली गई। नगर निगम द्वारा सीवरेज का कार्य करने वाली सिम्प्लेक्स कंपनी को बार-बार एक्सटेंशन दिया जाता रहा है। पिछला एक्सटेंशन की तिथि समाप्त होने के बाद ठेका निरस्त करने की नोटिस भी दिया गया था। पिछले कई सालों में सीवरेज परियोजना की लागत बढ़कर 422 करोड़ रुपए पहुंच गई है और इसमें लगभग 380 करोड़ रुपए से अधिक खर्च हो चुका है।

### टेंडर निकालने चल रही तैयारी

करीब दो साल से अंडरग्राउंड सीवरेज का काम बंद पड़ा है। ठेका कंपनी को कई बार नोटिस जारी किया जा चुका था और अंतिम नोटिस के बाद ठेका कंपनी का सिक्यूरिटी डिपाजिट राशि राजसात की गई है। सीवरेज का काम जमीन के भीतर कितना हुआ है और कितना बाकी है, इसके लिए पहले जीपीआर सर्वे कराया जाएगा। जीपीआर सर्वे के लिए टेंडर निकालने की तैयार कर रहे हैं।

-एसपी साहू
प्रभारी, सीवरेज सेल नगर निगम

# क्रिकेट सट्टा खिलाते 4 सटोरिए पकड़े गए

**बिलासपुर।** पुलिस ने हांफा में मोबाइल से आईपीएल मैच में क्रिकेट सट्टा खिलाते 4 सटोरियों को पकड़ा है। उनके पास से 8 मोबाइल, 1 एलईडी, नकद रकम, सट्टापट्टी जब्त किया है। पुलिस ने सटोरियों को गिरफ्तार कर लिया है।



बुधवार की रात आरक्षक सरफराज खान को मुखबिर से सूचना मिली सकरी हांफा के कुछ युवक मोबाइल के माध्यम से आरसीबी गुजरात के मैच में क्रिकेट सट्टा खिला रहे हैं। सीएसपी निमितेश सिंह परिहार के निर्देश पर सकरी थाना के एसआई हेमंत आदित्य, सरफराज खान, नितेश सिंह, सुमंत कश्यप ने हाफा में अलग अलग जगहों में दबिश देकर क्रिक लाइन गुरू मोबाइल एप के माध्यम से क्रिकेट सट्टा खिला रहे राजाराम ध्रुव पिता लखाराम ध्रुव 28 साल, मनिस कनौज पिता मनोज कनौजे 25 साल, ललित कुमार श्रीवास पिता स्व. अरविंद श्रीवास 40 साल, विनोद श्रीवास पिता विजय श्रीवास 41 साल को गिरफ्तार कर लिया। उनके पास से 8 मोबाइल, 1 एलईडी, 2260 रुपए नकद, सट्टापट्टी लिखी रजिस्टर जब्त किया गया है।

# जंगल में जुआ खेलते पकड़े गए 12 जुआरी

**बिलासपुर।** जंगल में जुआ खेलते 12 जुआरियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। उनके पास से 13 हजार 20 रुपए, 8 मोबाइल, 5 बाइक जब्त किया है।



कोटा थाना प्रभारी आईपीएस सुमीत कुमार धोत्रे को सूचना मिली सिलपहरी के सिरहा जंगल में बड़ी संख्या में जुआरी एकत्रित होकर जुआ खेल रहे हैं। उन्होंने बेलगहना चौकी प्रभारी भावेश सेंडे व स्टाप के साथ जंगल में जुआ खेलते मो. इब्राहिम उर्फ सोनू कृष्णनगर बेलगहना, संदीप उर्फ चींटू प्रजापति डिपरापारा बेलगहना, बलराम सिंह सिलहपरी, तारन दिलहरे इंदिरा आवास करहीकछार, परमानंद दास मानिकपुरी केंदाडांड, प्रदीप प्रजापति उर्फ पिन्टू डिपरापारा, सुरेन्द्र कुमार उरेती बरभाठा, संतोष जैन नवाडीह सिलपहरी, मनीष कुमार कुर्रे करहीकछार, रितेश पटेल उर्फ राजू करहीकछार, अंसार अंसारी पंडरापथरा, राजू पटेल को पकड़ लिया।

पुलिस जुआरियों के पास से 13 हजार 20 रुपए, 8 मोबाइल, 5 बाइक जब्त किया है। आगे की कार्रवाई की जा रही है।




## निगम के सभी जोन एरिया में बनेंगे महिलाओं के पिंक टायलेट

# एमआईसी ने पास किया 1 हजार 89 करोड़ का बजट

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

नगर निगम में गुरूवार की शाम मेयर इन कौंसिल (एमआईसी) की बैठक हुई, जिसमें नगर निगम का वर्ष 2024-25 का आय व्यय पत्रक एवं वर्ष 2025-26 का अनुमानित आय बजट रखा गया। एमआईसी में चर्चा के बाद सर्वसम्मति से लगभग 1 हजार 89 करोड़ रुपए का बजट पास हो गया है। अब यह बजट सामान्य सभा में अनुमोदन के लिए रखा जाएगा।

नगर निगम में शाम करीब साढ़े चार बजे से मेयर इन कौंसिल की बैठक महापौर श्रीमती पूजा विधानी की अध्यक्षता में शुरू हुई। बैठक में नगर निगम कमिश्नर अमित कुमार सहित एमआईसी के सभी सदस्य एवं निगम के अधिकारी भी उपस्थित रहे। एमआईसी में नगर निगम के पुनरीक्षित आय व्यय पत्रक वर्ष 2024-25 पर और वर्ष 2025-26 के अनुमानित आय व्यय पत्रक पर चर्चा हुई। एमआईसी में लगभग 1089 करोड़ का अनुमानित बजट प्रस्तुत किया गया, जिसे चर्चा उपरांत एमआईसी ने पास कर दिया। बजट में निगम के सभी जोन क्षेत्रों में महिलाओं के लिए पिंक टायलेट बनाने के लिए बजट प्रावधान किया गया है। इसके अलावा बजट में कई पुरानी योजनाओं को फिर से शामिल किया गया है।

### बजट में कई पुरानी योजनाओं को फिर से किया गया शामिल




बैठक में महापौर, एमआईसी सदस्य व निगम के अधिकारी।

### रिकांडो बस्ती में प्रथम, द्वितीय व तृतीय तल दुकान निर्माण

रिकांडो बस्ती चिंगराजपारा में व्यवसायिक परिसर निर्माण के लिए स्वपोषित मद अंतर्गत राशि 483.39 लाख रुपए की निविदा आमंत्रित की गई थी, जिसमें निविदाकार द्वारा प्रस्तुत न्यूनतम निविदा दर 03.30 प्रतिशत कम एसओआर की स्वीकृति प्रदान की गई थी। रिकांडो बस्ती में व्यवसायिक परिसर बेसमेंट एवं भूतल निर्माण कार्य पूर्णता की ओर है। वर्तमान में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय तल निर्माण के लिए राशि 643.50 रुपए की स्वीकृति के लिए प्रस्ताव एमआईसी में रखा गया था।

### इन एजेंडों पर हुई चर्चा

एमआईसी की बैठक में कुल 6 एजेंडे रखे गए थे और इसके अलावा दो और अतिरिक्त एजेंडों पर चर्चा हुई है। इसमें एमआईसी के बैठक में बजट के अलावा भी कुछ मुद्दों पर चर्चा निर्णय लिया गया है, जिसमें श्रद्धांजलि योजना में दो हजार रूपए सहायता राशि को बढ़ाकर तीन हजार रुपए किए जाने का निर्णय हुआ है। जल संकट निवारण के लिए 1 करोड़ 49 लाख रुपए शासन से आता है, जिसे बढ़ाकर 3 करोड़ रुपए किए जाने का प्रावधान कर शासन को भेजा गया है।

## खबर संक्षेप

### आवास मित्र संघ का गठन



**लोरमी।** आवास मित्र संघ का गठन हुआ जिसमें सर्वसम्मति से मोहित साहू को निर्विरोध अध्यक्ष चुना गया। साथ ही सचिव जीवन साहू, उपाध्यक्ष रामरतन साहू, सत्य पात्रे कोषाध्यक्ष रूपाली श्रीवास, आरती साहू, अनामिका बंजारे, मीडिया प्रभारी रागनी जायसवाल, संयोजक हेम कुमार यादव एवं सक्रिय सदस्य के रूप में सविता, द्रोपती, नीतू पटेल, अश्वनी साहू, दिनेश साहू, मुकेश जायसवाल, राजेंद्र साहू का चयन हुआ। इस अवसर पर आवास मित्र संघ सदस्य उपस्थित रहे।

### डीएवी बिल्हा गोढ़ी में नए सत्र की शुरुआत



**बिल्हा।** डीएवी पब्लिक स्कूल गोढ़ी में नए सत्र 2025-26 की शुरुआत अप्रैल माह से हो गई है। इस अवसर पर सभी छात्र-छात्राओं का तिलक लगाकर स्वागत किया गया। विद्यालय के प्राचार्य डॉ एसएन पाण्डेय ने कहा कि हम एक नए सत्र की शुरुआत कर रहे हैं एवं नई उम्मीदों और नए लक्ष्यों के साथ नए सत्र में प्रवेश कर रहे हैं। शिक्षा केवल पाठ्यपुस्तकों तक सीमित नहीं होती, यह जीवन के हर क्षेत्र में सीखने और अनुभवों को अपनाने की प्रक्रिया है। यह नया सत्र आपके लिए नए अवसरों और नई चुनौतियों के द्वार खोलेगा। आपकी मेहनत, लगन और अनुशासन ही आपको सफलता की ऊंचाइयों तक पहुंचाएंगे। अपने शिक्षकों से मार्गदर्शन लें एवं नई चीजें सीखें। अपने लक्ष्यों को निर्धारित करें और पूरी लगन से उन्हें प्राप्त करने का प्रयास करें। हम सब मिलकर इस सत्र को ज्ञान, विकास और सफलता से भरपूर बनाएं। कार्यक्रम में स्कूल के शिक्षकों के साथ छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

### केंद्राध्यक्ष को दी गई विदाई




**लोरमी।** पूर्व माध्यमिक प्रमाण पत्र परीक्षा का आयोजन विगत 18 मार्च से हो रहा था, जिसका गुरूनार को समापन हुआ। इस अवसर पर केंद्राध्यक्ष के रूप में कार्यरत फत्तेराम कश्यप को संस्था के प्रधान पाठक राजकुमार कश्यप, संकुल समन्वयक रामकुमार साहू, परीक्षा प्रभारी राकेश पांडे व पुष्पा चतुर्वेदी ने भारत माता का चित्र, डायरी, पेन व श्रीफल भेंट कर विदाई दी। इस बार आठवीं कक्षा के विद्यार्थियों को नए रूप में परीक्षा देनी पड़ी, जिसके लिए प्रशासन ने खास तैयारियां की। परीक्षा केंद्रों तक पहुंचाने के पहले प्रश्न पत्र थाने में रखे जाते थे एवं संकुल समन्वयक, केंद्राध्यक्ष और शिक्षक विधि अनुसार परीक्षा का संचालन करते थे। इसी क्रम में शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला सेमरसल में परीक्षा का सफल संचालन हुआ। छात्र-छात्राओं ने सफलता पूर्वक परीक्षा में भाग लिया। यहां के केंद्राध्यक्ष ने बच्चों को चॉकलेट खिलाकर स्नेह प्रदान किया। वहीं संस्था के शिक्षक उमाशंकर सिंह ने लालपुर पूमा विद्यालय में केंद्राध्यक्ष के रूप में दायित्व का निर्वहन किया। उन्होंने बीच-बीच में परीक्षा के संबंध में बच्चों से प्रतिक्रिया ली।

### शिक्षिका शारदा को शिक्षा गौरव पुरस्कार

**लोरमी।** शास प्राथमिक शाला बंधवा में पदस्थ सहायक शिक्षिका शारदा ताम्रकार को शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए मुख्यमंत्री गौरव अलंकरण पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इन्होंने कोरोना में ग्राम बंधवा में



मोहल्ला क्लास लगाकर बच्चों को अध्यापन कराया। इनकी ओर से नवाचारी शिक्षक के रूप में टीएलएम के माध्यम से पाठ्य विषय वस्तु को आकर्षक बनाकर बच्चो को अध्यापन कराया गया। साथ ही इन्होंने स्काउट गाइड प्रभारी बनकर मुंगेली, लोरमी, पथरिया के 30 बच्चों का राज्य स्तरीय हाइक व्यक्तित्व विकास एवं आपदा प्रबंधन शिविर का प्रतिनिधित्व किया। इनके उल्लेखनीय प्रयासों के परिणाम स्वरूप विकासखंड व जिला स्तर पर गठित शिक्षा समिति की अनुशंसा पर यह पुरस्कार प्राप्त हुआ। इस अवसर पर मुंगेली कलेक्टर राहुलदेव, एसपी भोजराम पटेल, जिला शिक्षा अधिकारी चंद्रकुमार धृतलहरे, विखं शिक्षा अधिकारी डीएस राजपूत, डॉ प्रतिभा मंडलोई, पवित्र सिंह बेदी, डीएमसी अजय नाथ, अशोक सोनी, संतोष मिश्रा, सुनील शर्मा सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

### जपं अध्यक्ष ने किया प्याऊ घर का शुभारंभ



**मुंगेली।** भीषण गर्मी में लोगों को शीतल जल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से निशुल्क प्याऊ घर की स्थापना जिला कलेक्टोरेट के पास की गई। प्याऊ घर का विधिवत शुभारंभ जनपद पंचायत अध्यक्ष रामकमल सिंह परिहार और उपाध्यक्ष पुष्पलता पद्मनी मोहले के द्वारा किया गया। पहल की शुरुआत सोशल मीडिया प्रचारक एवं यूट्यूबर कोमल देवांगन और श्रीराम भक्त सेना के जिला अध्यक्ष भाजपा युवा नेता दिनेश साहू बल्ला द्वारा की गई। जनपद पंचायत अध्यक्ष रामकमल सिंह परिहार ने कहा कि यह कार्य सामाजिक सेवा का उत्कृष्ट उदाहरण है। उन्होंने कहा कि भीषण गर्मी के दिनों में राहगीरों और स्थानीय नागरिकों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराना अत्यंत सराहनीय पहल है। उपाध्यक्ष पुष्पलता पद्मनी मोहले ने भी इस कार्य की प्रशंसा करते हुए इसे मानवता की सेवा का उत्तम उदाहरण बताया। उन्होंने दोनों समाजसेवियों को बधाई देते हुए कहा कि यह प्रयास लोगों को राहत प्रदान करेगा। इस दौरान साहू समाज जिलाध्यक्ष पुहुक राम साहू, देवांगन समाज जिलाध्यक्ष आनंद देवांगन अधिवक्तता और रमेश कुलमित्र मौजूद रहे। इस मौके पर अनेक गणमान्य नागरिक एवं समाजसेवी उपस्थित रहे।

## राज्यपाल का मुंगेली दौरा, गार्ड ऑफ ऑनर के साथ हुआ सम्मान

# पौधरोपण सिर्फ एक जिम्मेदारी नहीं, बल्कि भविष्य के लिए आवश्यकः राज्यपाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

राज्यपाल रमन डेका गुरूवार को मुंगेली जिले के प्रवास पर रहे। जिला कलेक्टोरेट आगमन पर उन्हें परिसर में गार्ड ऑफ ऑनर देकर सम्मानित किया गया।

■ अधिकारियों की बैठक लेकर ली योजनाओं की जानकारी

राज्यपाल श्री डेका ने जिला कलेक्टोरेट स्थित मनियारी सभाकक्ष में सभी जिला स्तरीय अधिकारियों की बैठक ली। बैठक में उन्होंने जिले में जल संचयन, पौधारोपण, पर्यावरण संरक्षण, जैविक कृषि को बढ़ावा, टीबी उन्मूलन, पीएम जनमन व जनजातीय क्षेत्रों में शिक्षा एवं स्वास्थ्य सुविधाओं के विकास सहित विभिन्न योजनाओं की प्रगति की जानकारी ली।

राज्यपाल श्री डेका ने घटते भूजल स्तर पर चिंता व्यक्त करते हुए जल स्तर बढ़ाने विशेष प्रयास करने, जल संचयन के लिए प्रेरित करने तथा रेन वाटर हार्वेस्टिंग अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने जिले में तालाब एवं डबरी निर्माण योजना अंतर्गत प्रगति के संबंध में जानकारी ली तथा जल संरक्षण के लिए ज्यादा से ज्यादा डबरी निर्माण का निर्देश दिया। राज्यपाल ने महिला सशक्तिकरण की दिशा में किए जा रहे प्रयासों की जानकारी ली तथा महिलाओं की आजीविका संवर्धन के लिए विशेष प्रयास करने एवं नवाचार अपनाने की बात कही। इस दौरान उन्होंने जिले में 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' योजना के अंतर्गत किए जा रहे कार्यों की जानकारी ली तथा बालिका शिक्षा को प्रोत्साहित करने एवं स्कूलों में ड्रॉप आउट रेट को काम करने के लिए विशेष प्रयास करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने ओडीएफ के संबंध में जानकारी ली तथा व्यक्तिगत एवं सामुदायिक शौचालयों को साफ-सुथरा बनाए रखने के लिए लोगों को जागरूक करने के लिए कहा। उन्होंने जिले में सहकारिता का विस्तार करने एवं सहकारी गतिविधियों को मजबूत करने की बात कही। राज्यपाल ने जिले में नशे की रोकथाम के लिए किए जा रहे प्रयासों की भी जानकारी ली तथा नशे के खिलाफ त्वरित कार्रवाई करने और सूचना तंत्र को मजबूत करने के निर्देश दिए। उन्होंने बढ़ती सड़क दुर्घटना पर संज्ञान लेते हुए भीड़भाड़ वाले क्षेत्रें में भारी वाहनों के प्रवेश पर उचित रोक लगाने एवं अन्य आवश्यक कार्यवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी अधिकारियों को अपने कार्यों का विश्लेषण करने तथा जनहित के लिए पूरी संवेदना से कार्य करने के लिए प्रोत्साहित किया। डोमार सिंह बैगा ने राज्यपाल को खुमरी पहनाई और स्व सहायता समूह की महिलाओं ने राज्यपाल को स्वनिर्मित उपहार भेंट किया। कार्यक्रम के समापन में जिला प्रशासन की ओर से राज्यपाल को स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया। राज्यपाल कलेक्टोरेट परिसर में 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत अपनी दिवंगत चंपावती डेका की स्मृति में रुद्राक्ष का पौधा लगाया। उन्होंने कहा कि पेड़–पौधे हमें ऑक्सीजन, फल, छाया और स्वच्छ वातावरण प्रदान करते हैं। उन्होंने नागरिकों से आह्वान किया कि वे अपने घरों, बगीचों, स्कूलों, कॉलेजों, शासकीय कार्यालयों एवं अन्य खाली स्थानों पर पौधे लगाकर उनका संरक्षण करें। उन्होंने पर्यावरण संरक्षण और संवर्धन का संदेश देते हुए अधिक से अधिक वृक्षारोपण की अपील की। राज्यपाल ने जोर देते हुए कहा कि वृक्षारोपण सिर्फ एक पर्यावरणीय जिम्मेदारी नहीं, बल्कि भविष्य के लिए आवश्यक है। उन्होंने जिले वासियों से हरियाली को बढ़ावा देने और प्रकृति की रक्षा के लिए सक्रिय भागीदारी की अपील की। इस अवसर पर कलेक्टर राहुल देव, पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल, जिला वनमंडल अधिकारी संजय यादव, जिला पंचायत सीईओ प्रभाकर पाण्डेय, उप संचालक एटीआर गणेश राजन, अपर कलेक्टर निष्ठा पाण्डेय तिवारी, मेनका प्रधान, जीएल यादव, एसडीएम पार्वती पटेल सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे।



स्व सहायता समूह की महिलाएं एवं छात्राओं से मुलाकात करते राज्यपाल।

### कलेक्टर ने दी कार्यों की जानकारी

कलेक्टर राहुल देव ने जिले में विकास के लिए किए गए विभिन्न कार्यों एवं गतिविधियों की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जल संरक्षण के लिए अमृत सरोवर सहित विभिन्न ढांचों का निर्माण, टीबी उन्मूलन के लिए निक्षय निरामया, आजीविका संवर्धन, स्वास्थ्य, शिक्षा आदिम जाति कल्याण सहित विभिन्न विकासात्मक गतिविधियों पर बेहतर कार्य किए जा रहे हैं। साथ ही उन्होंने कहा कि जिले को विकास की अग्रिम पंक्ति में खड़ा करने लगातार प्रयास किया जा रहा है। एसपी भोजराम पटेल ने बताया कि जिले को नशा मुक्त करने 'मोर पहचान मोर सम्मान' की थीम कार्यक्रम तथा यातायात नियमों के प्रति जागरूकता के लिए भी विभिन्न कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं।

### महिलाओं को सशक्त बनाने हो रहा काम

जिला पंचायत सीईओ प्रभाकर पांडे ने कहा कि स्वसहायता समूह की महिलाओं को सशक्त करने एवं आजीविका संवर्धन के लिए विभिन्न गतिविधियां संचालित की जा रही है जिसका सकारात्मक परिणाम भी मिल रहा है। राज्यपाल ने स्व सहायता समूह की महिलाओं, एकलव्य आवासीय विद्यालय के प्रतिभावान छात्राओं, वन अधिकार पट्टा, पीएम जनमन, चिरायु योजना आदि हितग्राहियों से भेंट मुलाकात की और उनसे संवाद भी किया। उन्होंने सभी लोगों को सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं का लाभ लेते हुए जीवन में आगे बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित किया।

### पीएम आवास की चाबी दी

राज्यपाल श्री डेका ने दो हितग्राहियों को पीएम आवास योजना के तहत चाबी प्रदान कर उन्हें बधाई दी। उन्होंने टीबी मुक्त हितग्राहियों और ग्राम पंचायतों और रेडक्रास के सदस्यों, चिरायु योजना के बच्चों को भी उपहार भेंटकर सम्मानित किया। इस दौरान लाईवलीहुड कॉलेज मुंगेली के विद्यार्थी तोपसिंह कुम्भकार ने अपने हाथों से बनाई हुई राज्यपाल की तस्वीर उन्हें भेंट की। इस पर राज्यपाल ने प्रसन्नता जाहिर करते हुए छात्र को शुभाशीष दिया।



हड़ताल में शामिल पंचायत सचिव।

## पंचायत सचिवों की हड़ताल से ग्रामीण क्षेत्रों में व्यवस्था बदहाल

**तखतपुर।** प्रदेश पंचायत सचिव संघ के आह्वान पर 17 मार्च 2025 को विधानसभा घेराव से प्रारंभ अनिश्चित कालीन काम बंद, कलम बंद हड़ताल के 18 दिन पूर्ण हो गए हैं। सचिवों की हड़ताल से राज्य सरकार की सारे योजनाएं एवं ग्रामीण क्षेत्रों के मूलभूत व्यवस्थाएं चरमरा गई हैं।

■ सरपंच संघ ने सचिवों की मांग का किया समर्थन

नवनिर्वाचित सरपंचों की स्थिति तो ऐसी हो गई हैं मानो बारात लेकर पहुंचे दुल्हे की दुल्हन ही मंडप से गायब हो। गांवों में पेयजल व्यवस्था इस वर्ष भयंकर प्रकोप दिखा रही हैं, किंतु ग्राम पंचायत के सचिवों की हड़ताल में सरपंच मूक दर्शक बन कर रह गए हैं। सरपंच संघ तखतपुर के अध्यक्ष श्याम सुंदर कश्यप अपने कार्यकारिणी व सरपंच साथियों के साथ सचिव धरना स्थल पर पहुंच कर सचिव संघ की मोदी की गारंटी में शामिल शासकीयकरण की मांग का समर्थन किया एवं 30 वर्षों से कार्यरत 11 हजार 000 सचिवों की मांग को पूरा न करना को भाजपा सरकार की वादाखिलाफी व अत्याचार बताया। उन्होंने इस संदर्भ में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व को मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ शासन के नाम ज्ञापन सौंपते हुए मांग को शीघ्र पूरा करने एवं सचिवों के मांग को अनदेखा करने पर सरपंच संघ द्वारा भी हड़ताल किए जाने की चेतावनी दी। इस अवसर पर बड़ी संख्या में सचिव संघ पदाधिकारी, सचिव व सरपंच उपस्थित रहे।

## नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा परिणाम घोषित

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

जिले के ग्राम दाबो स्थित जवाहर नवोदय विद्यालय में शैक्षणिक सत्र 2025–26 के लिए कक्षा 6वीं में प्रवेश हेतु परीक्षा का परिणाम घोषित किया गया। प्रवेश परीक्षा 18 जनवरी को आयोजित की गई थी, जिसके लिए 6 हजार 3 सौ 39 अभ्यर्थियों द्वारा ऑनलाइन आवेदन किया गया था।

जवाहर नवोदय विद्यालय दाबो के प्राचार्य देवेन्द्र कुमार साहू ने बताया कि चयन परीक्षा के माध्यम से विद्यालय में 40 छात्र–छात्रओं के प्रवेश हेतु अस्थायी चयन सूची केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड दिल्ली द्वारा जारी की गई है। चयनित छात्र–छात्रओं के अभिभावक प्रवेश के संबंध में विद्यालय में सम्पर्क कर सकते हैं। स्कूल के प्राचार्य देवेन्द्र साहू ने बताया कि कक्षा 6वीं प्रवेश परीक्षा में तन्मय जायसवाल, किश्लय वर्मा, लक्ष्मण प्रसाद साहू, ओम



साहू, देविका रजक, ट्विंकल जोल्हे, लिशांत सिंह, शांतिरानी, हेमंत कुमार, दुयाना सिंह, तन्नु, समर्थ डड़सेना, आशीष, शौर्य कुमार, चेतन साहू, रिया, प्रतिक बर्मन, अलिशा भास्कर, अंकित कुमार राजपूत, आशीष गेंदले, मोनिशा पटेल, परितोष देवागंन, हिमांशु यादव, चंद्रिका, राजकुमार साहू, यशराज यादव, अनन्या साहू, सिद्धार्थ कश्यप, जिज्ञासा वर्मा, प्रियंका भास्कर, रोबिन रामपुरिक, पारूल, खुशाल लहरे, अदिति, प्रांजल, स्वाती गहिरे, लोकेश कुमार टंडन, इच्छा ध्रुव, दिपिका मार्को और दीपांजली चयनित हुए हैं।

## बढ़ती गर्मी व घटते जलस्तर से ग्रामीण परेशान

**सेतगंगा-मुंगेली।** सेतगंगा परिक्षेत्र के अंतर्गत ग्राम सिपाही में लगातार बढ़ती गर्मी व घटते जल स्तर के कारण अभी से ग्रामीणों को पेयजल के लिए काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

किसानों को फसल की सिंचाई के लिए पानी की पर्याप्त उपलब्धता नहीं हो पा रही है। यहां बस्ती एवं खेतों के अधिकतर बोरवेल सूख चुके हैं। ग्रामवासी ताम्रध्वज साहू ने बताया कि बस्ती में बोरवेल की संख्या अधिक होने से बीते कुछ वर्षों से यहां जल का लगातार दोहन व दुरुपयोग हो रहा है। जल बचाने को



लेकर ग्रामवासियों के बीच जनजागरूकता का अभाव है। ग्रामीण कलेश्वर साहू ने कहा कि यदि इसी प्रकार जल का दोहन होता रहा तो आने वाले मई जून माह में गांव में पेयजल हेतु बाहर से पानी टैंक मंगाने की आवश्यकता पड़ सकती है। उन्होंने ग्रामवासियों से अपील की है कि अधिक से अधिक तालाब के जल को उपयोग में लाएं एवं केवल पीने हेतु व अन्य अति आवश्यक कार्यों के लिए बोरवेल से जल निकाला जाए। जल जीवन मिशन से टंकी बनने के बाद भी पाइप लाइन कनेक्शन व्यवस्था अपनी बदहाली पर आंसू बहा रही है। ठेकेदार की लापरवाही और विभागीय अधिकारी की उदासीनता के कारण ऐसी स्थिति निर्मित हुई है।

### शासकीय पॉलीटेक्निक में प्रवेश प्रारंभ

**तखतपुर।** शासकीय पॉलीटेक्निक में मेकेनिकल इंजीनियरिंग एवं इलेक्ट्रानिक्स एंड टेलीकम्युनिकेशन इंजीनियरिंग में प्रवेश प्रारंभ हो गया है। प्रवेश के लिए छात्रों को पीपीटी परीक्षा देनी होगी। इसके लिए 11 अप्रैल तक आवेदन किया जा सकता है। प्रमुख बात यह है कि आवोदकों को कोई शुल्क नहीं देना होगा। छात्र-छात्राओं को तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र में सशक्त बनाने के उद्देश्य से शासकीय पॉलीटेक्निक तखतपुर में मेकेनिकल इंजीनियरिंग एवं इलेक्ट्रानिक्स एंड टेलीकम्युनिकेशन इंजीनियरिंग में तीन वर्षीय डिप्लोमा पाठ्यक्रम उपलब्ध है।

## जिले में खुलेंगी 6 नई शराब दुकानें, रायपुर भेजा प्रस्ताव

**मुंगेली।** जिले में 6 शराब दुकानें खोली जाएंगी, यानी प्रत्येक ब्लॉक में दो-दो शराब दुकानें खोली जाएंगी। इससे उन गांवों में अवैध शराब की बिक्री बंद हो सकेगी एवं मदिरा प्रेमी सरकारी शराब दुकानों से शराब खरीद सकेंगे। इससे न केवल सरकार के राजस्व की आय में बढ़ोतरी होगी, बल्कि

अवैध शराब बिक्री पर अंकुश लगेगा। राज्य सरकार ने प्रदेश में अलग-अलग जगहों पर 67 नई शराब दुकानों को हरी झंडी दी है, जहां पहले शराब की सुविधा नहीं थी, उन इलाकों में शराब दुकानें खुलेंगी। जिला प्रशासन इस नई व्यवस्था को लागू करने में जुट गई है, वहीं दूसरी ओर आबकारी विभाग ने मौजूदा दुकानों को एकीकृत करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। इसके साथ ही नई दुकानों के लिए जगह तय करने का प्रक्रिया भी शुरू कर दी गई है। मुंगेली जिले में 6 नई शराब दुकान खोलने के लिए जिला आबकारी विभाग के द्वारा प्रस्ताव आबकारी आयुक्त रायपुर को भेजा गया है। जिले में मुंगेली ब्लॉक में नागोपहरी एवं चकरभठा, लोरमी ब्लॉक में लगरा एवं देवरहट तथा पथरिया ब्लॉक में घुठेली एवं अमोरा क्षेत्र को दुकान के लिए चिन्हांकित किया गया है। शासन स्तर पर प्रस्ताव स्वीकृत होने के बाद दुकान खोली जाएगी। मुंगेली जिले में अब तक में 15 शराब दुकानें हैं, जिनमें 5 देशी, 6 विदेशी और 4 कंपोजिट दुकानें शामिल हैं। प्रदेश की भाजपा सरकार अवैध शराब बिक्री को रोकने के लिए नया मास्टर प्लान बना रही है। जिसमें जिले में 6 शराब दुकानें बढ़ाने की योजना है। यानी प्रत्येक ब्लॉक में दो–दो शराब दुकानें बढ़ाई जा सकती हैं। इससे न केवल सरकार के राजस्व की आय में बढ़ोतरी होगी।




### भेजा गया प्रस्ताव

जिले में शराब दुकान के लिए 6 स्थान चिन्हांकित कर प्रस्ताव रायपुर भेजा गया है। शासन से स्वीकृति मिलने के पश्चात दुकानें खोली जाएंगी। जिले में देशी और विदेशी शराब की दुकानें अलग-अलग नहीं, बल्कि एक हो जाएंगी। एक ही जगह पर देशी और विदेशी शराब मिलेंगी।।

-राजेश जायसवाल, सहायक आयुक्त, आबकारी मुंगेली

## जपं की सामान्य सभा में 9 स्थाई समितियों का गठन

**मुंगेली।** जनपद पंचायत की सामान्य सभा में 9 स्थायी समितियों का गठन किया गया। बैठक में सभी समितियों के सभापति और सदस्यों का चयन सर्वसम्मति से किया गया।

जनपद पंचायत मुंगेली में सामान्य सभा की बैठक आयोजित की गई। बैठक में सामान्य प्रशासन समिति सह पदेन सभापति जनपद अध्यक्ष रामकमल सिंह परिहार एवं सदस्य सभी समिति के सभापति होते है। शिक्षा समिति का पदेन सभापति जनपद उपाध्यक्ष पुष्पलता मोहले, सदस्यगण पवन पाण्डेय, दिलेश्वर राज साहू, खोरबहरीन लालाराम साहू, राजकुमारी साहू को बनाया गया। सर्वसम्मति से स्थायी समिति के सभापति और सदस्यों के गठन में संचार एवं निर्माण समिति सभापति पवन पांडेय, सदस्य में सुभद्रा लल्लू सिंह, संगीता कमल टोंगा, वेदमंडल ध्रुव, मंदाकिनी साहू बनाए गए। महिला एवं बाल विकास सभापति खोरबहरीन लालाराम साहू, सदस्य पवन पांडेय, राजकुमारी राजेश साहू, दिलेशवर राज साहू, रीना दुर्गेश साहू हैं। कृषि स्थायी समिति सभापति दिलेशवर राज साहू, सदस्य मंदाकिनी साहू, खोरबहरीन लालाराम साहू, वेदमण्डल ध्रुव, गोविन्द मोहले हैं। स्वच्छता समिति सभापति वेदमंडल ध्रुव, सदस्य गीता महेंद्र यादव, राजकुमारी साहू, राणा सिंह, निकिता रविदास, आवास एवं पर्यावरण सभापति भुवन पटेल, सदस्य ताराचंद टंडन, किरण घृतलहरे, रघुराज सिंह है। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीकांत पाण्डेय, पद्मिनी मोहले, लालाराम साहू आदि जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।




जनपद पंचायत की बैठक में उपस्थित पदाधिकारी।

## तखतपुर नपा की सामान्य सभा में विभिन्न मुद्दों पर हुई चर्चा

# नगर पालिका की सामान्य सभा में जमकर गहमा-गहमी

**तखतपुर।** नगरपालिका तखतपुर सामान्य सभा की पहली बैठक धमाकेदार रहीं। बैठक में कई विषयों के लिए गहमा गहमी हुई। भाजपा पार्षद भी सभी विषयों पर पक्ष में रहे। नगरपालिका अध्यक्ष पूजा मक्कड़ की अध्यक्षता में सामान्य सभा की पहली बैठक नगरपालिका सभाकक्ष में आयोजित की गई।

बैठक में 2025-26 बजट, सफाई, श्रमिकों के नवीन पद की स्वीकृति, प्लेसमेंट एजेंसी के लिए टेंडर, 15वें वित्त आयोग के 55 लाख 37 रूपए की स्वीकृति, अनटाईड मद अंतर्गत 36 लाख 9 हजार रूपए की स्वीकृति एवं सिटी डेवलपमेंट के लिए प्रस्ताव पास किया गया। विद्युत पोल विस्तार वार्ड 1 और 2 में, सुरीघाट रोड से तहसील चौक, राजू क्षत्रीय के घर से मनियारी पुल से मंडी चौक तक दर का अनुमोदन किया गया। 10 सीटर सार्वजनिक शौचालय निर्माण एवं जेएमपी हाई स्कूल मैदान में लग रही फ्लड लाईट के कार्य को स्वीकृति दी गई। इस कार्य की घोषणा विधायक धर्मजीत सिंह के द्वारा की गई थी जो अब मूर्त रूप ले रहा है। बैठक में ब्राम्हण समाज सामुदायिक भवन के लिए बांउड्रीवाल निर्माण, नवीन कार्यालय भवन, जीम खाना जीर्णोद्धार, सौर ऊर्जा से प्रकाश व्यवस्था, मवेशी बाजार निलामी हेतु सर्वसम्मति से प्रस्ताव पास हुए। बैठक में नगरपालिका अध्यक्ष पूजा मक्कड़, उपाध्यक्ष गौरी देवांगन, सीएमओं अमरेश सिंह, विधायक प्रतिनिधि अमित मंदानी, अनुपमा पाण्डेय, कोमल सिंह ठाकुर, शैलेंद्र निर्मलकर, सुनील जांगड़े, इस्लाम अंसारी, जसप्रीत हूरा, कैलाश देवांगन, लवली हूरा, अंजू देवांगन, चंद्रप्रकाश देवांगन, अंकित अग्रवाल, पूजा गुप्ता, प्रियंका आहुजा, मुन्ना श्रीवास, संजीत अस्थाना, डीसी कुर्रे, प्रतिक पाण्डेय सहित अन्य उपस्थित रहे।



सामान्य सभा में शामिल जनप्रतिनिधि।

**थोक सब्जी, मछली बाजार कनकट्टी डबरी में-** बैठक में थोक सब्जी बाजार और मछली बाजार को बस स्टेंड के गुरूनानक भवन के पास से हटाकर कनकट्टी डबरी शराब दुकान के पास ले जाने का प्रस्ताव पास किया गया। वहीं भाजपा पार्षद कोमल सिंह ठाकुर ने मछली बाजार को बरेला एनीकट के आसपास लगाने की बात कहीं, लेकिन बहुमत से कांग्रेस पार्षदों ने पास कर लिया।

### समस्याओं का होगा निराकरण

जल संकट को लेकर जमकर बहस- नगरपालिका में पिछले एक पखवाड़े से पेयजल भीषण संकट बना हुआ है, जनप्रतिनिधि जब नलकूप को बनवाने की बात करते हैं तो नगरपालिका में सामाग्री नहीं होने का रोना रोया जाता है। इस बात को लेकर बैठक में वार्ड 14 की पार्षद प्रियंका आहुजा और वार्ड 3 के पार्षद कोमल सिंह ठाकुर ने जम कर नाराजगी दिखाई। इस पर नपा अध्यक्ष पूजा मक्कड़ ने कहा कि नगरपालिका के सभी वार्डो में पेयजल का संकट बना हुआ है, जिसको निराकरण का प्रयास किया जा रहा है।

### मुख्य मार्ग को लेकर बहस

तखतपुर के मुख्य मार्ग के दोनों ओर वेलकम गेट से मंडी चौक तक डामरीकरण रिनिवल बीटी रोड़ निर्माण जिसकी लागत 83 लाख 17 हजार रूपए है इस कार्य को पूर्व परिषद द्वारा गौरव पथ निर्माण के लिए परिवर्तित किया गया था। इसे वापस मुख्य मार्ग को बनाने के लिए प्रस्ताव आया तो विधायक प्रतिनिधि अमित मंदानी ने बताया कि मुख्य मार्ग एनएच के अंतर्गत आता है, यदि इस राशि को मुख्य मार्ग में खर्च किया जाता है और एनएच के द्वारा आपत्ति की जाती है तो पैसा व्यर्थ हो जाएगा। इस बात पर कांग्रेस पार्षद सुनील जांगड़े ने कहा कि मुख्य मार्ग बहुत जर्जर हो गया है, जगह-जगह गड्ढे हो गए हैं। इस राशि का उपयोग पहले मुख्य मार्ग के लिए आया था और इसी राशि को वापस इसी मार्ग के लिए लगाया जाए। इसी बात को लेकर दोनों के बीच तीखी बहस हुई इसके बाद कांग्रेस पार्षदों ने बहुमत इसे पास किया।

3 APRIL- BSP-PG-3_Layout 1 4/3/2025 11:53 PM Page 1



## खबर संक्षेप

### आनंद लाफ्टर हास्य योग केंद्र में कार्यकारिणी का गठन



**बिलासपुर।** आनंद लाफ्टर हास्य योग केंद्र द्वारा 31 मार्च को विवेकानंद उद्यान में क्लब के सदस्यों द्वारा पूर्व पदाधिकारियों का कार्यकाल समाप्त होने के बाद सर्व सहमति से लाफ्टर क्लब संचालन के लिए नई कार्यकारिणी का गठन किया गया है। जिसमें सभी पदाधिकारी निर्विरोध चुने गए हैं। इसमें अध्यक्ष कुलदीप सिंह गंभीर, उपाध्यक्ष संग्राम सिंग चंद्रवंशी, सचिव विजय तिवारी, सह सचिव शैलेन्द्र तिवारी एवं कोषाध्यक्ष कमल किशोर गुप्ता चुने गए। इसी तरह महिला विंग से सांस्कृतिक प्रमुख कमला पंसारी को बनाया गया। मीडिया प्रभारी राकेश शर्मा बनाए गए हैं। वहीं संरक्षक डी.एस ठाकुर को बनाया गया है। इस चयन प्रक्रिया में आनंद लाफ्टर क्लब के सभी सदस्य भारी मात्रा में उपस्थित रहे। जिसमें संयोजक छेदीलाल सराफ , नरेंद्र अग्रवाल एवं अन्य सदस्य शैल कुमार मिश्र, भारत मौर्य, गुनाराम, त्रियुगीनारायण राठौर, आरएस शर्मा, मुरली मनोहर अग्रवाल, विजय सोमवार, संतोष कौशिक, रामावतार, पूर्णिमा, शालिनी गुप्ता, बदलू सिंग, कृष्णा शर्मा, नंदलाल बजाज, नैना ठाकुर, संतोष सराफ, मीनाक्षी सोमवार, सुजाता सिन्हा, अनीता गुर्जर आदि मौजूद थे।

### वन विभाग की गाड़ी चलाएंगे पांच नियमित चालक

**बिलासपुर।** वन मंडल बिलासपुर में अब परमानेंट चालक विभाग की गाड़ियों को चलाने का काम करेंगे, इसके लिए विभाग की ओर से पांच रिक्त पदों पर भर्ती प्रक्रिया लगरा के ट्रैफिक पार्क में शुरु कर दी गई है। बिलासपुर वन मंडल में विभागीय अफसरों यानि रेंजर, एसडीओ, डीएफओ की गाड़ियों के अलावा उड़नदस्ता की गाड़ियों को चलाने के लिए परमानेंट स्टाफ के स्थान पर दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी काम कर रहे हैं। इन कर्मचारियों को प्रतिमाह वेतन की समस्या अधिक रहती है। अब वन विभाग गाड़ियों को चलाने के लिए परमानेंट स्टाफ की भर्ती करने जा रही है। इसके तहत बिलासपुर वन मंडल में पांच रिक्त पद पर भर्ती प्रक्रिया 20 जनवरी को होगी।

### 69 वां रेल सेवा पुरस्कार समारोह एनईआई में आज

**बिलासपुर।** दपूमरे बिलासपुर डिवीजन में 69वां रेल सेवा पुरस्कार समारोह का आयोजन शुक्रवार 4 अप्रैल की सुबह 11 बजे नार्थ ईस्ट इंस्टीट्यूट सभागार में किया जाएगा। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मंडल रेल प्रबंधक राजमल खोईवाल और मंडल सेक्रो अध्यक्षा श्रीमती भगवती खोईवाल विशिष्ट अतिथि होंगे। समारोह के दौरान बिलासपुर रेल मंडल के 56 रेल कर्मचारियों और विभिन्न विभागों के 11 रनिंग शील्ड विगत वर्ष उनके द्वारा किए गए उत्कृष्ट कार्यों के लिए पुरस्कृत किया जाएगा। इस अवसर पर मंडल के अधिकारी-कर्मचारी, मान्यता प्राप्त संगठन, एसोसिएशन के पदाधिकारी, सेक्रो की सदस्य मौजूद रहेंगे।

शासकीय बिलासा कन्या महाविद्यालय में दो दिवसीय राज्य स्तरीय कार्यशाला का समापन

# टॉप 50 विवि की सूची में भारत का नाम नहीं होना शिक्षा प्रणाली की दुर्बलता का परिचायक

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

शासकीय बिलासा कन्या महाविद्यालय के तत्वावधान में 2 व 3 अप्रैल को दो दिवसीय राज्य स्तरीय कार्यशाला विषय एक्सेस एंड यूटीलाईजेशन ऑफ ऑनलाइन लर्निंग रिर्सोसेज का आयोजन किया गया। समापन समारोह कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. एसआर कमलेश ने किया।

समारोह के विशिष्ट अतिथि सहायक निदेशक, उच्च शिक्षा क्षेत्रीय कार्यालय डॉ. श्रीकांत मोहरे, मुख्य वक्ता डॉ. के आर सोनी रायगढ़ थे। कार्यशाला संयोजक महाविद्यालय के डॉ. बीआर चौधरी, रहे। इस अवसर पर संयोजक श्री चौधरी ने कहा कि पुस्तकालय एवं पढ़ने की संस्कृति को बढ़ना होगा, आप जितना अध्ययन करते जाएंगे, अपनी अज्ञानता का बोध होता जाएगा। इसलिए ज्यादा से ज्यादा समय अध्ययन–अध्यापन पर दिया जाना चाहिए। इलेक्ट्रानिक गजट का सही उपयोग कर अपने ज्ञान का विस्तार कर सकते हैं। हमें आत्म अवलोकन करना होगा कि किसी



कार्यशाला में पत्रिका का विमोचन करते अतिथि व आयोजन समिति के सदस्य।



समय भारत में देश–विदेश से छात्र–छात्राएं अध्ययन अध्यापन के लिए आया करते थे। उन्होंने कहा कि आज टॉप 50 विश्वविद्यालय की सूची में भारत का एक भी विश्वविद्यालय का नाम न होना हमारी शिक्षा प्रणाली की दुर्बलता को दर्शाता है। प्राचार्य डॉ. एसआर कमलेश ने कहा इन दो दिवसीय कार्यशाला में शोधार्थियों, शिक्षकों एवं छात्राओं को बहुत ही सारगर्भित जानकारी मिली है। उम्मीद करता हूँ कि ऑनलाइन रिर्सोसेज का उपयोग कर अपने ज्ञान में वृद्धि कर सकते हैं।

मुख्य वक्ता डॉ. केआर सोनी ने अपने बताया कि इस प्रतिस्पर्धा के युग में हमे कहां से विश्वसनीय जानकारी प्राप्त एवं उपयोग कर सकते हैं। प्रतियोगी परिक्षाओं की यदि तैयारी कर रहे हो तो सार्थी पोर्टल का ज्यादा से ज्यादा उपयोग कर सकते हैं। विश्व स्तरीय लेखकों की साहित्य यहां भरा पढ़ा है। जेईई, नीट, एसएससी, बैंकिंग, की सामग्री उपलब्ध है। अतिथि प्राध्यापक ने सबीना नवरंग ने इग्नू के उद्देश्य एवं सेवाओं एवं इग्नू द्वारा प्रायोजित स्वयं पोर्टल में उपलब्ध ई–सिर्सोसेज को प्राप्त करने एवं उपयोग की जानकारी दी।इसमें राजा साहू, सुनीता साहू, आरती पटेल एवं अंकिता शर्मा का विशेष सहयोग रहा।

### विजेता हुए सम्मानित

इस अवसर पर अतिथियों ने बीआर चौधरी एवं डॉ. संगीता सिंह द्वारा लिखित पुस्तक 'पुस्तकालय शोध के नवीन आयाम' का विमोचन किया। पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान के द्वारा प्रदर्शित की गई। मॉडल एवं पोस्टर का परिणाम जारी किया गया। प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय रहे मॉडल विजेता को मेडल, पुरस्कार राशि एवं सर्टिफिकेट प्रदान किया गया। कार्यशाला में उपस्थित समस्त प्रतिभागियों को सर्टिफिकेट प्रदान किया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. एसके पवार आभार आरती पटेल ने किया।

## चौकसे कॉलेज के 40 छात्रों को मिला एमआरएफ में प्लेसमेंट




**एजुकेशन प्लस**

बिलासपुर। चौकसे ग्रुप ऑफ कॉलेजेस बिलासपुर उद्योग-अकादमिक सहयोग के क्षेत्र में अपनी प्रतिष्ठा को लगातार मजबूत कर रहा है। एक महत्वपूर्ण उपलब्धि के रूप में 40 छात्रों को एमआरएफ लिमिटेड भारत की सबसे बड़ी टायर निर्माता कंपनी और एक वैश्विक ब्रांड में प्लेसमेंट मिला है। यह प्रतिष्ठित जॉब रिक्रूटमेंट कैंपस ड्राइव 26 मार्च को विशेष रूप से चौकसे इंजीनियरिंग कॉलेज और चौकसे कॉलेज ऑफ साइंस एंड कॉमर्स के छात्रों के लिए आयोजित किया गया था। यह भर्ती अभियान छात्रों को एक प्रसिद्ध बहुराष्ट्रीय कंपनी के साथ अपने पेशेवर करियर की शुरुआत करने का एक अनूठा अवसर प्रदान करता है। चयनित उम्मीदवारों को गुजरात के एमआरएफ लिमिटेड के संयंत्र में लीड ट्रेनी के रूप में नियुक्त किया जाएगा। जहां उन्हें व्यापक व्यावहारिक प्रशिक्षण मिलेगा। जिससे उन्हें उद्योग का बहुमूल्य अनुभव प्राप्त होगा। परिणामों की घोषणा के साथ ही चौकसे कैंपस में उल्लास और उत्साह का माहौल बन गया। इस अवसर पर चौकसे ग्रुप ऑफ कॉलेजेस के प्रबंध निदेशक डॉ. आशीष जायसवाल, सीईसी के प्राचार्य डॉ. नितिन जैन, सीसीएससी के प्राचार्य डॉ. मंतोष सिन्हा और चौकसे ग्रुप ऑफ कॉलेजेस के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट ऑफिसर विनोद सिंह खरसन ने सफल उम्मीदवारों को शुभकामनाएँ दीं। डॉ. आशीष जायसवाल ने छात्रों को अपने करियर में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। डॉ. जायसवाल ने कहा कि चौकसे ग्रुप ऑफ कॉलेजेस लगातार कैंपस प्लेसमेंट के लिए एक पसंदीदा स्थान बनता जा रहा है, जो प्रमुख राष्ट्रीय और बहुराष्ट्रीय कंपनियों को आकर्षित कर रहा है।

### डीईओ ने स्कूल में बच्चों के लिए बने भोजन का लिया स्वाद




**बिलासपुर।** जिला शिक्षा अधिकारी अनिल तिवारी ने गुरूवार को प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना (मध्याहन भोजन) अंतर्गत तखतपुर ब्लॉक के अंतर्गत आने वाले गनियारी स्थित शास.पूमाशा कन्या शाला में मध्याह्न भोजन का निरीक्षण किया। उन्होंने भोजन और सब्जी का स्वाद लिया। मध्याहन भोजन में चांवल, दाल, हरी सब्जी पकाया गया था। पका भोजन डीईओ द्वारा चखा गया है। इस दौरान प्रधान पाठिका निता शर्मा उपस्थित रहीं। पका हुआ भोजन निर्धारित मेनू और गुणवत्ता के अनुरूप स्तरीय पाया गया। डीईओ ने स्कूल में चल रही परीक्षा का भी निरीक्षण किया।

### छात्रों ने डीपी कालेज का किया घेराव आटोनामस का मामला भी उठाया



**बिलासपुर।** डीपी विप्र कालेज में बुधवार को छात्रों ने विलंब शुल्क के नाम पर प्रतिदिन 50 रुपए की वसूली, सर्वर की समस्या तथा परीक्षा फार्म भरने की तिथि में वृद्धि जैसे मुद्दों को लेकर डीपी विप्र कालेज का घेराव किया। छात्रों ने कालेज प्रबंधन के समक्ष आटोनामस का मामला भी उठाया। डीपी विप्र कालेज में छात्रों ने 6 सूत्रीय मांग व समस्याओं को लेकर प्रदर्शन किया। इसमें मनीष मिश्रा, बृजमोहन सिंह, अमिताभ वैष्णव, राज वर्मा, सुरेन्द्र, पदुम्न, प्रवीण, विकास, निखिल, शुभ उपाध्याय, हेमराज शर्मा, नंदिनी शर्मा, प्रियंका, सिद्धि सिदार, तेजस्विनी, आशीष आदि शामिल थे।

### पार्टी का स्थापना दिवस और अंबेडकर जयंती धूमधाम से मनाएगी बीजेपी



**बिलासपुर।** भाजपा कार्यालय में गुरूवार को बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें 6 अप्रैल को भाजपा की स्थापना दिवस व 14 अप्रैल को अंबेडकर जयंती धूमधाम से मनाए जाने की रूपरेखा तैयारी की गई। इसमें विधायक अमर अग्रवाल ने कहा कि पार्टी के निर्देशानुसार हम सभी लोगों को मिलजुल कर कार्यक्रमों एवं आयोजनों को सफल बनाना है। बैठक प्रभारी नवीन मारकण्डेय ने कार्यकर्ताओं को सभी कार्यक्रमों में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेने की अपील की। बैठक में मोहित जायसवाल, राजा पाण्डेय] दीपक सिंह ठाकुर, जाजेश सूर्यवंशी, महापौर पूजा विधानी आदि मौजूद थे।

## एस एस स्टील में नवरात्रि पर खरीदी में विशेष छूट

**बिलासपुर।** व्यापार विहार नेहरू कंपलेक्स स्थित एसएस स्टील सेंटर में नवरात्रि पर विशेष छूट दी जा रही है।

आधुनिक कृषि यंत्र के संचालक ने बताया कि किसान भाइयों की सुविधा के लिए नवरात्रि , रामनवमी एवं हनुमान जन्मोत्सव पर कृषि उपकरण की बुकिंग या खरीदी पर विशेष छूट उपलब्ध है। इसका लाभ किसान बुकिंग कराकर लें सकते हैं। संचालक ने बताया कि हमारे यहां ग्रिल थ्रेशर,रीपर,विराट रोटरी टीलर, पावर रीडर,पावर रिपर, चैन सा, ब्रश कटर,अर्थ अगर, मिशट ब्लोअर, हैज ट्रिमर चैन सा बैटरी,पावर टिलर, रीडर,आधुनिक कृषि यंत्र बंपर छूट के साथ उपलब्ध के है। उन्होंने बताया कि हमारी ब्रांच ऑफिस अनुराग पेट्रोल पंप के सामने मस्तूरी रोड ढेका में भी उपलब्ध है।



**बिजनेस प्लस**




## खबर संक्षेप

### बालको व लेमरु रेंज के बार्डर में डेरा डाले हुए हैं हाथी

**कोरबा।** कोरबा वनमंडल के लेमरू वन परिक्षेत्र में दो अलग-अलग झुण्ड में विभक्त होकर विचरण कर रहा हाथियों का झुण्ड बीती रात फिर कोरई के कदमझरिया में एक साथ मिल गया और आगे बढ़कर कोरई जंगल होते हुए बालको व लेमरू रेंज की सीमा में डेरा डाले हैं। हाथियों के झुण्ड को गुरुवार की सुबह ड्रोन कैमरे के जरिए देखा गया। हाथियों का लोकेशन सीमा पर मिलते ही लेमरू के साथ-साथ बालको रेंज के अधिकारी व कर्मचारी भी सतर्क हो गए हैं। हाथियों के इस झुण्ड में 13 हाथी शामिल हैं जिसमें एक शावक भी है। हाथियों का झुण्ड एतमानगर रेंज से पहुंचा है और बालको के जंगल व फुटका पहाड़ के रास्ते लेमरू पहुंच गया है। विगत दो दिनों से लेमरू के जंगल में लगातार विचरण कर रहा है। हाथियों ने अभी कोई बड़ा नुकसान नहीं पहुंचाया है।

## निधन

### ओम प्रकाश राजवानी



**बिलासपुर।** ओम गार्डन अर्चना विहार कॉलोनी नेहरू नगर निवासी ओम प्रकाश राजवानी का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 4 अप्रैल को सुबह 11 बजे झूलेलाल मुक्तिधाम कस्तूरबा नगर सिंधी कालोनी में होगा। वे विजय कुमार राजवानी के भाई एवं रामचंद के पिता थे।

### कंवलजीत सिंह होरा



**बिलासपुर।** मंगला महामाया पार्क कॉलोनी मकान नंबर सी 3 निवासी कंवलजीत सिंह होरा का 3 अप्रैल को निधन हो गया। वे 62 वर्ष के थे। उनका अंतिम संस्कार सरकंडा मुक्तिधाम में 4 अप्रैल को सुबह 11.30 बजे को किया जाएगा। वे सरदार मंजीत सिंह होरा के भाई एवं हरप्रीत सिंह होरा व गगनदीप सिंह होरा के पिता थे।

### महेश प्रसाद गोहर



**बिलासपुर।** अरविंद नगर जांजी तालाब के पास बंधवापारा सरकंडा निवासी महेश प्रसाद गोहर बाल्मिकी का 2 अप्रैल को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार सरकंडा मुक्तिधाम में किया गया।

### रमेश शर्मा



**बिलासपुर।** सेवानिवृत अनुविभागीय अधिकारी जल संसाधन विभाग नगोई वाले विजयापुरम बी 55 निवासी रमेश शर्मा का 2 अप्रैल को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार सरकंडा मुक्तिधाम में किया गया। वे सोनल शर्मा के पिता थे।

### लक्ष्मीनारायण तिवारी



**करगी रोड कोटा।** अमृत सागर डाक बंगला फॉरेस्ट कालोनी निवासी लक्ष्मी नारायण तिवारी का निधन हो गया है। उनका अंतिम संस्कार गुरुवार को बनारस में किया गया। वे संतोष दुबे, लल्लू महराज, गोरे लाल दुबे के जीजाजी थे।

### प्रमोद यादव



**सीपत।** सीपत निवासी प्रमोद यादव का 23 मार्च को आकस्मिक निधन हो गया। वे अहिल्या बाई यादव के सुपुत्र थे। वे दो बेटियों सहित पूरा परिवार छोड़ गए। उनके अंतिम संस्कार में प्रबुद्धजन, समाजसेवी सहित गांव के लोग बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## नवरात्र पर देवी मंदिरों में हो रही विशेष पूजा

# भैरव के दरबार में उमड़ा आस्था का सैलाब





हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

नवरात्रि पर धार्मिक नगरी रतनपुर में आस्था और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिल रहा है। श्री सिद्ध शक्तिपीठ मां महामाया देवी और नगर कोतवाल बाबा भैरव के मंदिर में श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा है। देशभर से भक्तगण यहां अपनी मनोकामनाओं की पूर्ति के लिए दर्शन करने पहुंच रहे हैं। महामाया मंदिर ट्रस्ट के ट्रस्टी संतोष शुक्ला ने बताया कि तिथि के अनुसार इस बार भी शुक्रवार को सप्तमी की रात देवी मां का पाठ श्रद्धालुओं के लिए खुला रहेगा। श्रद्धालुओं की सेवा के लिए मंदिर परिसर में भंडारे की व्यवस्था की गई है, जहां भक्तजन प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ अर्जित कर रहे हैं। भक्तों की आस्था और भक्ति की अनुपम छटा-मंदिर परिसर में भक्तों की श्रद्धा देखने योग्य है। हर ओर जयकारों की गूंज, मंत्रोच्चार और आरती का दिव्य वातावरण भक्तों को आध्यात्मिक ऊर्जा से भर रहा है। मंदिर प्रबंधन ने भी श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए विशेष इंतजाम किए हैं ताकि वे सुगमता से दर्शन कर सकें।

### बाबा भैरव को प्रसन्न करने के लिए विशेष अनुष्ठान

भैरव मंदिर के महंत पंडित जागेश्वर अवस्थी ने बताया कि नवरात्रि के विशेष अवसर पर बाबा भैरव की कृपा प्राप्त करने के लिए रुद्राष्टाध्याई पाठ और भैरव सहस्त्रनाम मंत्रों के साथ हवन और आहुति दी जा रही है। यह अनुष्ठान भक्तों की मनोकामनाओं की पूर्ति के लिए किया जाता है।

### मां सिद्धेश्वरी महामाया मंदिर में नवरात्रि की धूम

**सेतगंगा-मुंगेली।** जिला मुख्यालय से महज 22 किलो मीटर दूरी पर टेसुआ नदी के तट पर स्थित प्राचीन श्रीराम-जानकी मंदिर सेतगंगा के समीप ही मां सिद्धेश्वरी महामाया मंदिर इन दिनों नवरात्रि पर्व पर भक्तों की आस्था का केंद्र बिंदु बना हुआ है। नवरात्रि पर्व पर यहां 15 घृत और 375 तेल मनोकामना ज्योति कलश प्रज्वलित किए गए हैं। सेतगंगा परिक्षेत्र में इन दिनों नवरात्रि पर भक्ति की बयार बह रही है। देवी मंदिरों में सुबह से ही भजन कीर्तन और आरती का सिलसिला चल रहा है। मंदिर में माता रानी को विशेष रूप से श्रृंगार के बाद विधि-विधान से वैदिक मंत्रेच्चार के बाद पूजा अर्चना की जा रही है। श्रद्धालु अपने-अपने ढंग से माता रानी की आराधना करने में लगे हुए हैं। पुजारी हरीश उपाध्याय ने बताया है कि मंदिर में सुबह से ही माता की पूजा-अर्चना करने के लिए भक्तों की भीड़ लगी रहती है जो देर रात तक चलती है।





# डिडनेश्वरी मंदिर ट्रस्ट को दिया गया पानी का टेंकर

**मल्हार।** कालिंदी इस्पात प्राइवेट लिमिटेड बेलपान द्वारा मां डिडनेश्वरी मंदिर ट्रस्ट को पानी की व्यवस्था के लिए एक नया टेंकर दान स्वरूप प्रदान किया गया। गुरुवार को नवरात्र अनुष्ठान के मुख्य यजमान नगर पंचायत सीएमओ मनीष सिंह ने सपत्नीक मंदिर परिसर में नए टेंकर की पूजा की। इस अवसर पर ट्रस्ट के दुखीराम कैवर्त, रामहरि कैवर्त, जतन कैवर्त, आचार्य नरेश पांडेय, छन्नू कैवर्त सहित सदस्य उपस्थित थे। कम्पनी के प्रबंधक आनंद सिंघानिया का परिवार माता डिडनेश्वरी पर अटूट श्रद्धा रखता है, इसलिए वे मंदिर के लिए आवश्यक सामानों का दान भी करते आ रहे हैं। इससे पहले भी उन्होंने ज्योति कलश कक्ष निर्माण के लिए 5 सौ बोरी सीमेंट दिया था, साथ ही भंडारे के लिए 31 हजार की राशि दी थी। सिंघानिया परिवार ने मंदिर ट्रस्ट के सदस्यों को भरोसा दिलाया है कि वे भविष्य में अन्य निर्माण कार्य व जनकल्याण के लिए सहयोग करते रहेंगे।

### आज होंगे सांस्कृतिक कार्यक्रम

डिडनेश्वरी मंदिर परिसर में शुक्रवार की रात आसपास के विभिन्न विद्यालयों के बच्चों का सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम में बच्चे डांडिया, गरबा, रास सहित कई कार्यक्रम प्रस्तुत करेंगे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सरगांव तहसीलदार अतुल वैष्णव, अध्यक्षता नगर पंचायत अध्यक्ष धनेश्वरी कैवर्त व पूर्व अध्यक्ष अनिल कैवर्त रहेंगे। साथ ही अतिथि के रूप में सीएमओ मनीष सिंह, मनोज बंसल, अजय अग्रवाल, प्रिंस भाटिया, रौनक साव व नपं उपाध्यक्ष सुशील चौबे भी कार्यक्रम में शामिल होंगे।

## सीसी रोड का भूमिपूजन एवं सामुदायिक भवन का लोकापर्ण

# स्वच्छता एवं ग्राम विकास प्राथमिकता: सुशांत

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर



लोकार्पण कार्यक्रम में उपस्थित विधायक सुशांत शुक्ला।

ग्राम पंचायत पेण्डरवा में आयोजित भूमिपूजन एवं सामुदायिक भवन के लोकार्पण कार्यक्रम में बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला, जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश सूर्यवंशी शामिल हुए।

कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों का सरपंच अंजनी बैगा, उपसरपंच शैल गायकवाड़ द्वारा गुलदस्ता भेंट कर स्वागत किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक सुशांत शुक्ला ने उपस्थित जन समुदाय को संबोधित करते हुए गर्मी के दिनों में स्वच्छ पेयजल की आपूर्ती एवं आस-पास साफ-सफाई रखने का आह्वान किया। साथ ही उन्होंने ग्राम विकास के कार्यों के लिए सूची तैयार करने, प्रस्ताव बनाने एवं ग्राम के विकास हेतु हर संभव सहयोग करने का आश्वासन दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे राजेश सूर्यवंशी ने ग्राम विकास हेतु हर संभव मदद करने का भरोसा दिया।

इस अवसर पर ग्राम के पूर्व उपसरपंच पवन धीवर ने भाजपा में प्रवेश किया। इस अवसर पर विधायक प्रतिनिधि उमेश गौरहा, मण्डल अध्यक्ष मनीष कौशिक मंच पर मौजूद रहे। अतिथियों का स्वागत करने के लिए चंद्रकांत तिवारी, जयप्रकाश, राजकुमार धीवर, शिवप्रकाश, विमल कश्यप, जागेश्वर साहू, गोकुल धीवर, फूलसिंह आदि उपस्थित रहे।

### कार चालक ने मारी बाइक को टक्कर, घायल

**तखतपुर।** कार चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए दुपहिया को टक्कर मार दी, जिससे तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। रिपोर्ट पर पुलिस ने अपराध पंजीबद्ध कर मामले को विवेचना में ले लिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार बिलासपुर कुदुदण्ड निवासी मानस पटेल ने शिकायत दर्ज कराई है कि उसका मौसेरा भाई नंद कुमार पटेल अपनी बहन कुमारी बाई, नाती नीतू पटेल के साथ अपनी दुपहिया वाहन सीजी 10 जेड 7122 से ग्राम भिलाई अमोरा जा रहे थे। शाम लगभग 5 बजे ग्राम जरौंधा के पास पहुंचे थे, इसी दौरान कार क्रमांक सीजी 10 बीपी 5991 के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए उनकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार सभी लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने धारा 125ए, 281 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले को विवेचना में ले लिया।

## 230 शिक्षको एवं पालकों को दिया गया प्रशिक्षण

# समावेशी शिक्षा के तहत बच्चों को दिए गए 12 लाख

**लोरमी।** दिव्यांग बच्चों के लिए उच्चाधिकारियों के निर्देशानुसार विकास खंड लोरमी में 1 अप्रैल को प्राथमिक शाला से 50, पूर्व माध्यमिक शाला से 50 एवं हाई स्कूल व हायर सेकेंडरी से 30 शिक्षकों सहित कुल 130 शिक्षकों प्रशिक्षण दिया गया।

इसी क्रम में 2 अप्रैल को प्राथमिक शाला से 35, पूर्व माध्यमिक शाला से 35 एवं 30 पालकों को मिलाकर कुल 100 लोगों को प्रशिक्षण दिया गया। इस तरह दो दिनें में कुल 230 शिक्षको एवं पालकों को बीआरसी लोरमी में प्रशिक्षण दिया गया । उक्त प्रशिक्षण डीएस राजपूत विखं शिक्षा अधिकारी, डीसी डाहिरे विखं समन्वयक एवं सुनील शर्मा एबीईओ के नेतृत्व में आयोजित किया गया। समावेशी शिक्षा के तहत स्कॉट एलाउंस, ट्रांसपोर्ट एलाउंस, रीडर एलाउंस एवं बालिका शिष्यवृत्ति के रुप में 5 सौ 43 बच्चों को डीबीटी के माध्यम से उनके खाते में 11 लाख 72 हजार 5 सौ रुपए डाले गए। पहले दिन प्रशिक्षण में समावेशी शिक्षा वातावरण निर्माण के अंतर्गत समावेशी शिक्षा की गतिविधियां संचालित कर विस्तृत रूप से प्रशिक्षण प्रदान किया गया ।

दूसरे दिन जिला कार्यालय से एके कश्यप एपीसी समग्र शिक्षा ने दिव्यांगता के कारण ठहराव व उपाय पर अपने विचार रखे। साथ में सीएस उपाध्याय सीएसी, संजीव सक्सेना बीआरपी, प्रशिक्षक कौशल पात्रे, अरुण बघेल स्पेशल एजुकेटर, अन्नपूर्णा परिहार, सशी कोसाबाड़ी एवं शिक्षक रोशन राजपूत के द्वारा सभी बिंदुओं पर विस्तृत रूप से प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

### करंट की चपेट में आया युवक, मौत

**हरदीबाजार।** हरदीबाजार थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम डिंडोलभांठा लीलागर नदी पुल के पास गाड़ी गैरेज में बुडगहन मुड़ाभाटा निवासी राजपूरी गोस्वामी चौकीदारी का काम करता था। वह लीलागर नदी में मछली मारने गया। लोगों ने सुबह उसकी नदी के किनारे देखा। साथ ही कुछ दूरी पर बिजली का तार भी देखा गया।

### कोयला कारोबारी की हत्या के मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

**कोरबा।** होली खेलने निकले एक कोयला कारोबारी की संदिग्ध परिस्थिति में मौत हो गई थी। इस मामले में पुलिस ने पीएम रिपोर्ट के आधार पर हत्या का अपराध दर्ज कर दो आरोपी को सलाखों के पीछे भेज दिया है जबकि मामले में अन्य आरोपियों की सरगर्मी से खोजबीन की जा रही है। उल्लेखनीय है कि सिविल लाइन थाना क्षेत्र अंतर्गत हाऊसिंग बोर्ड कालोनी खरमोरा निवासी अनिल यादव 50 वर्ष निवास करता था। जो कोयला का कारोबार करता था। बताया जा रहा है कि 14 मार्च सुबह अनिल होली खेलने के नाम पर घर से निकला। वह होली खेलने रजगामार पहुंचा। अनिल कुछ दोस्तों से मिलने के बाद प्रेमनगर चला गया। दोपहर लगभग 3 बजे बस्तीवासियों ने अनिल को सडक़ के बीचोबीच बेहोशी की हालत में पड़ा देखा। उसकी बाइक सडक़ पर खड़ी थी जबकि गमछा कुछ दूर पड़ा था। उस पर नजर पड़ते ही लोग एकत्रित हो गए। उन्होंने अनिल को होश में लाने का प्रयास किया लेकिन शरीर में किसी तरह की हरकत नही हुई। इस बात की सूचना पुलिस को मिली। पुलिस चौकी प्रभारी लक्ष्मण खूंटे अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने बस्तीवासियों की मदद से अनिल को इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल ले आया, जहां डॉक्टरों ने उसे परीक्षण उपरांत मृत घोषित कर दिया था। इस मामले में पीएम रिपोर्ट मिलने के बाद पुलिस ने हत्या का अपराध दर्ज किया है और हत्या के मामले में लिप्त प्रेमनगर रजगामार निवासी अर्पित अग्रवाल 26 वर्ष पिता अजय अग्रवाल व साहिल दास पिता चंद्रिका दास को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। चौकी प्रभारी लक्ष्मण खूंटे ने बताया कि होली के दिन मामूली बात को लेकर अर्पित अग्रवाल व मृतक अनिल यादव के बीच विवाद हुआ था।

# सोने-चांदी के गहने एवं नकद सहित 3 लाख का सामान पार

**लोरमी।** बीती रात घर के पीछे दरवाजे का ताला तोड़कर अज्ञात चोरों ने दुकान में रखे सोने-चांदी एवं 20 हजार की नगदी सहित साढ़े 3 लाख रुपए का सामान पार कर दिया। लोरमी थाना क्षेत्र के लोरमी-पंडरिया मुख्य मार्ग पर बसे रानीगांव के वार्ड क्रमांक 8 निवासी आलोक सोनी की दुकान से अज्ञात चोरों ने सोने-चांदी के गहने एवं 20 हजार नगदी सहित कुल 3 लाख 50 हजार रूपए के सामान पार कर दिया।

सूचना पर लोरमी थाना की टीम घटना स्थल पहुंची एवं मामले की बारीकी से जांच शुरू की गई। अलोक सोनी ने बताया कि 2 अप्रैल की दरमियानी रात 2 से 4 बजे के बीच उनके घर के पीछे के दरवाजे का ताला तोड़कर अज्ञात चोरों ने दुकान के में रखी 1700 ग्राम चांदी कीमत डेढ़ लाख एवं पायल, बिछिया, चैन, अंगूठी, गिलास सहित 600 ग्राम के गहने कीमत 60 हजार, सोने की फुल्ली कीमत 60 हजार, सोने की अंगूठी कीमत 35 हजार, सोने की बाली कीमत 25 हजार एवं 20 हजार रुपए नगदी सहित कुल 3 लाख 50 हजार रुपए का सामान अज्ञात चोरों ने पार कर दिया। इसके अलावा एक माह के भीतर चार घरों में चोरी की घटना घटित हुई है, जिससे इलाके में हड़कंप मचा हुआ है।



### अज्ञात चोरों ने की 9 बकरियों की चोरी, जुर्म दर्ज

ग्राम रेहूंटा में अज्ञात चोरों ने एक किसान के घर का ताला तोड़कर घर में बंधे 9 बकरे एवं बकरियों को लेकर गायब हो गए। घटना से परेशान मालिक ने थाने में जानवरों के चोरी की शिकायत दर्ज कराई। मिली जानकारी के अनुसार ग्राम रेहुंटा निवासी गोरेलाल यादव पति स्व गंगाराम यादव उम्र 48 वर्ष अपने घर में बकरा, बकरी पालन कर जीवन यापन करता है। बुधवार की रात कुछ अज्ञात तत्वों ने उसके मकान का ताला तोड़कर कमरे में बंधी कुल 9 बकरियों को लेकर फरार हो गए। पीड़ति किसान ने बताया कि चोरों ने घर में घुसकर पहले घर की बिजली बंद कर दी, साथ रही वह जिस कमरे में सो रहा था उसे बाहर से बंद कर दिया। इसके बाद दूसरे कमरे में बंधी बकरियों को लेकर चोर ले उड़े। सुबह जब गोरेलाल ने यह भयंकर मंजर देखा तो उसने परिवार सहित थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। बताया जा रहा है कि पीड़ति गोरेलाल यादव बकरी पालकर अपना जीवनयापन करता है। बकरी चोरी होने से गोरेलाल भारी आर्थिक क्षति हुई है।

# बेलतरा स्कूल में छात्राओं को दो वर्षों से नहीं मिली सायकल

**बेलतरा।** शिक्षा में स्कूल की दूरी बाधा न बने, इसके लिए सरकार की ओर से छात्राओं को सायकल देने की योजना शुरू की गई। इसी योजना के तहत दो किलोमीटर से अधिक दूरी तय कर स्कूल जाने वाली छात्राओं को सायकल वितरित की जाती है। लेकिन बेलतरा विधानसभा क्षेत्र के मुख्यालय बेलतरा हायर सेकेंडरी स्कूल में पिछले दो सालों से सायकल का वितरण नहीं किया गया है। शाला समिति के अध्यक्ष ने बार-बार साइकिल वितरण के संबंध में स्कूल के प्राचार्य से बात की फिर भी उन्होंने इसमे नजरअंदाज कर दिया। खास बात यह है कि कई छात्राओं ने तो बिना सायकल मिले ही इस स्कूल की पढ़ाई पूरी कर दूसरे संस्थानों में दाखिला ले लिया। छात्राओं ने बताया कि स्कूल में कक्षा नवमीं में ही ज्यादातर विद्यार्थी प्रवेश लेते हैं। कक्षा छठवीं और नवमी में प्रवेश लेने के दौरान सायकल देने का शासन का प्रावधान है, लेकिन उन्हें अभी तक सायकल नहीं मिली है। वे 3 से 5 किलोमीटर पैदल चलकर स्कूल आ रही हैं। इसके लिए वह एक घंटा पहले घर से स्कूल के लिए निकलती हैं। शाला समिति के अध्यक्ष लक्ष्मी जायसवाल इस संबंध में कहा कि बेलतरा प्राचार्या खुद नहीं चाह रही हैं कि स्कूल में सायकल का वितरण हो। इस मामले से मैंने क्षेत्र के विधायक एवं जिला शिक्षा अधिकारी को भी अवगत करा चुका हूं। उक्त मामले पर डीईओ का भी यही कहना है, डीईओ ने कहा कि स्कूल की प्राचार्या ही सायकल नहीं ले जा रही हैं।

### मंगवाएंगे सायकल

सायकल की पर्याप्त मात्रा उपलब्ध नहीं होने के कारण सायकल नहीं आ पाई है। अप्रैल के अंत तक किसी भी हालत में साइकिल मंगवाऊंगी।

**- कावेरी यादव, प्राचार्य**


### नाम परिवर्तन सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं बृजेन्द्र कुमार कौशिक पिता राम स्वरूप कौशिक निवासी नर्मदा विहार, यदुनंदन नगर, तिफरा तह. व जिला बिलासपुर छ.ग.का हूँ मेरे पुत्र का सही व वास्तिवक नाम है चार्विक कौशिक पिता बृजेन्द्र कुमार कौशिक है किंतु उसके आधार कार्ड, जन्म प्रमाण पत्र एवं शैक्षणिक रिकार्ड (कक्षा नर्सरी) में दिपांशु कौशिक पिता बृजेन्द्र कुमार कौशिक अंकित है उक्त दोनों नाम एक ही बालक के है किसी अन्य के नहीं है अपने पुत्र के पुराने नाम दिपांशु कौशिक पिता बृजेन्द्र कुमार कौशिक को परिवर्तित कर नया नाम चार्विक कौशिक पिता बृजेन्द्र कुमार कौशिक रख लिया है अब मेरे पुत्र को उसके सही व वास्तविक नये नाम चार्विक कौशिक पिता बृजेन्द्र कुमार कौशिक के नाम से जाना, पहचाना एवं सभी शासकीय व अशासकीय अभिलेख, शैक्षणिक रिकार्ड, जन्म प्रमाण पत्र, आधार कार्ड में लिखा व पढा जावे इस बावत मेरे द्वारा सक्षम आधिकारी के समक्ष शपथ पत्र प्रस्तुत किया जा रहा है।
दिनांक 03/04/2025
शपथकर्ता
बृजेन्द्र कुमार कौशिक

कार्यालय छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल
संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र बिलासपुर
### आम सूचना

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा पं. दीनदयाल आवास योजनान्तर्गत, परसदा सकरी बिलासपुर में निर्मित भवनों में से भवन क्रमांक एल.आई.जी.-105, आबंटी श्री सनीष कुमार तिवारी पिता श्री शशि कुमार तिवारी, को नामांतरित है भवन का विक्रय विलेख दिनांक 30.12.2014 को पंजीकृत किया गया है। इसके उपरांत द्वितीय क्रेता द्वारा विलेख दिनांक 20.03.2025 को पंजीकृत कराने के पश्चात उक्त भवन को श्रीमती कलेन्द्री देवी पति श्री गंगा राम के नाम पर नामांतरण करने हेतु आवेदन किया गया है।
यदि किसी व्यक्ति/शासकीय/अर्द्धशासकीय/संस्था आदि को इस भवन के नामांतरण/हस्तांतरण के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वह अधोहस्ताक्षरकर्ता इस कार्यालय में लिखित रूप से मय प्रमाणित दस्तावेज सहित दावा/आपत्ति कर सकता है अन्यथा इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिन के बाद में कोई दावा/आपत्ति मान्य नहीं होगी एवं मण्डल नियमानुसार उनके पक्ष में नामांतरण / हस्तांतरण कार्यवाही की जावेगी।
संपदा अधिकारी,
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण
मण्डल प्रक्षेत्र-बिलासपुर

### आम सूचना

मैं अपने पक्षकार राजेन्द्र कुमार सुनहले पिता श्री मंतुराम, निवासी ग्राम देवरी पो. पंधी थाना सीपत जिला बिलासपुर छ.ग. से अधिकृत हो उनके निर्देशानुसार जन सामान्य अवगतार्थ निम्न आशय की सूचना प्रकाशित करती हूं अवगत होवे :-
मेरे उपरोक्त पक्षकार ने मौजा पंधी म.नं. 1 प.ह.नं. 18 रा.नि.म. सीपत तहसील सीपत जिला विलासपुर के भूमिस्वामी शकुन बाई चमेली, शांता, गोपाल विदया, माधुरी, पिंकी, पार्वती द्वारा आय विजय कुमार लास्कर पिता स्व. पुरीराम लास्कर ग्राम पो. गुढी तह. सीपत जिला बिलासपुर के आम मु. की भूमि ख.क्र. 511 शामिल ख.नं. 10 रकबा 1.4000 हे. भूमि को क्रय करने का पक्का सौदा कर लिया है तथा शीघ्र ही शेष राशि अदा कर पंजीयन हेतु तत्पर है।
अतः उपरोक्त भूमि के हुए संव्यवहार में जिस किसी भी व्यक्ति, बैंक संस्था, निकाय या वह जो भी उपरोक्त भूमि के किसी भी अंश है अपना हित रखता हो वह सात दिवस के भीतर अपना आपत्ति मय दस्तावेज प्रस्तुत कर सकता है समयावधि पश्चात की गई आपत्ति मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगी तथा पंजीयन करा ली जावेगी।
सो सूचना जावे।
अंम्बिका नारंग, अधिवक्ता तहसील बिलासपुर (छ.ग.) मो. 9754285605

### आम सूचना

मैं अपने पक्षकार श्रीमति मंजू मिश्रा आयु 45 वर्ष पति -श्री प्रमोद कुमार मिश्रा अधिवक्ता व निवासी सांधीपारा रतनपुर तहसील रतनपुर जिला बिलासपुर छ.ग. की ओर से निम्न आम सूचना प्रकाशित करता हूं कि मेरे पक्षकार ने मौजा श्रृंगार सिटी सेंदरी पटवारी हल्का नं. 46 रा.नि.मं. कोनी तह. व जिला बिलासपुर में स्थित ख.क्रं. 135/161 रकबा 2000 वर्गफुट प्लाट नं. 24 जो वर्तमान में दीपक कुमार सिंह उम्र 43 वर्ष पिता कांता सिंह निवासी बिल्डिंग नं. 17 फ्लैट नं. 901 ग्रिन सिटी पालमाटा जिला सूरत गुजरात आ.नं. 4756 9185 3346 के नाम से राजस्व अभिलेखों में दर्ज है, एवं कब्जे में है को सूरज कुमार जायसवाल उम्र 31 वर्ष पिता श्री रमाकांत जायसवाल निवासी खमतराई रोड सरकंडा तहसील व जिला बिलासपुर छ.ग. की बीच हुवे अनुबंध के जरिए खरीदने का सौदा तय हो गया है और निकट भविष्य में उक्त प्लाट की रजिस्ट्री होना तय हो गया है।
जिस किसी भी व्यक्ति, संस्था, निकाय, बैंक, ट्रस्ट, समुदाय, कालोनाईजर आदि को इस विक्रय अनुबंध एवं रजिस्ट्री में स्वत्व एवं आधिपत्य के संबंध में कोई आपत्ति हो तो सम्पूर्ण दस्तावेज सहित लिखित में आम सूचना प्रकाशित होने से 10 दिनों के भीतर अपनी दावा अपत्ति प्रस्तुत करें। निर्धारित समय के पश्चात कोई दावा आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी।
सो सूचना जाने।
भवदीय
दिनेश प्रसाद यादव
अधिवक्ता
(सकरी वाले) आफिस नवीन सामुदायिक भवन जिला न्यायालय, बिलासपुर (छ.ग.)
मो. 9993027489, 7999449842

न्यायालय तहसीलदार बिलासपुर
जिला बिलासपुर
मामले की श्रेणी: राजस्व
संदर्भ:- जिला बिलासपुर तहसील- बिलासपुर प.ह.न.-00029 चिल्हाटी ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक-
CG-2024-25-117-1-4606
### ईश्तहार

तहसील बिलासपुर के प.ह.न. 00029 के अंतर्गत ग्राम चिल्हाटी के वर्तमान भूमिस्वामी अरुण कुमार खेत्रपाल पिता/पति स्व कैलाश चन्द्र खेत्रपाल पता-नया सरकंडा चटर्जी गली बिलासपुर के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 257/1(0.3940) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/ क्रेता MATASHRI REALTIES PARTNER (ANIL KUMAR AGRAWAL) पिता/पति-LATE SHYAM LAL AGRAWAL पता- LAXMI TALKIES KE PICHE JUNA BILASPUR के नाम पर पंजीयन / फौती होने के उपरांत नामांतरण/ अभिलेख दुरुस्ती/ खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 15/04/2025 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय न्यायालय तहसीलदार बिलासपुर जिला बिलासपुर पर की जायेगी।
उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो इश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/ अधिवक्ता/ आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।
यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 24/03/2025 को जारी किया जाता है।
तहसीलदार
Mukesh Kumar Dewangan
तहसील- बिलासपुर

न्यायालय नायब तहसीलदार सकरी,
तहसील सकरी
मामले की श्रेणी: राजस्व
संदर्भ :- जिला- बिलासपुर तहसील - सकरी प.ह.न. - 00040 समलपुरी ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक -
CG-2024-25-119-1-3339
### ईश्तहार

तहसील सकरी के प.ह.न. 00040 के अंतर्गत ग्राम समलपुरी के वर्तमान भूमिस्वामी विनीता तिवारी पिता/पति - विजय तिवारी पता - संबलपुरी तहसील सकरी जिला बिलासपुर के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 553 / 1(0.2550 ) में प्रस्तावित भूमिस्वामी / क्रेता अनिल वस्त्रकार पिता/पति - कन्हैया लाल वस्त्रकार पता - संबलपुरी तहसील सकरी जिला बिलासपुर छ ग के नाम पर पंजीयन / फ़ौती होने के उपरांत नामांतरण / अभिलेख दुरुस्ती / खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 15/04/2025 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय न्यायालय नायब तहसीलदार सकरी, तहसील सकरी पर की जावेगी।
उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपति हो तो इश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं /अधिवक्ता/ आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।
यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 26/03/2025 को जारी किया जाता है।
नायब तहसीलदार
Neha kaushik
सकरी

### आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि बिलासपुर सहकारी गृह निर्माण समिति मर्यादित, बृहस्पति बजार जेल रोड, बिलासपुर की सदस्य कु. शकुन्तला रोकड़े वल्द श्री व्ही.जी. रोकड़े निवासी सी/09 क्रांति कुमार भारतीय नगर मौजा-जुना बिलासपुर को संस्था द्वारा भवन क्रं सी/09 क्रांति कुमार भारतीय नगर में आबंटित किया गया था, उनके द्वारा भूमि एवं भवन कि सम्पूर्ण राशि संस्था में जमा कर दिया था, एवं उन्होंने आबंटित भवन का पंजीयन अपने जीवनकाल में नहीं कराया था एवं उनका निधन हो गया। मुरलीधर रोकड़े पिता श्री व्ही. जी. रोकड़े के द्वारा संस्था में उनकी बहन कु. शकुन्तला रोकड़े को आबंटित भवन का पंजीयन अपने पक्ष में कराने का आवेदन प्रस्तुत किया है, आवेदन के साथ उनकी बहन कु. शकुन्तला रोकड़े के द्वारा मुरलीधर रोकड़े के पक्ष में दिनांक 19/11/2009 को किये गये पंजीकृत वसीयतनामा की छायाप्रति भी प्रस्तुत की है, निकट भविष्य में संस्था द्वारा उक्त भवन का पंजीयन किया जाना है, यदि किसी व्यक्ति, संस्था, बैंक को आपत्ति है तो सुचना प्रकाशन के 7 दिवस के भीतर मेरे कार्यालय में कार्यालयीन दिवस पर आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। अवधि समाप्त होने के पश्चात कि गई आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। अस्तु सुचना जाने
भवदीय
संदीप कुमार दिवेदी ( अधिवक्ता )
आर. एस. प्रोविजन स्टोर के बाजू गली नेहरू नगर, अमेरी रोड बिलासपुर (छ.ग.) मोबाइल नंबर +919826184824

न्यायालय अतिरिक्त कलेक्टर एवं विवाह अधिकारी, बिलासपुर (छ.ग.)
### विवाह सूचना का प्रकाशन

क्रमांक क/ /वाचक/अति-कले/2025
बिलासपुर, दिनांक 20.03.2025
श्री अमन सिंह राजपूत आत्मज श्री विश्वनाथ राजपूत उम्र 21 वर्ष निवासी ग्राम पोस्ट विचारपुर भदरापारा, थाना लोरमी तहसील लालपुर जिला मुंगेली छ.ग. एवं कुमारी अमृता मानिकपुरी आत्मजा श्री अशोक दास मानिकपुरी उम्र 19 वर्ष निवासी ग्राम मोहन राईस मिल के सामने लोधीपारा सरकण्डा थाना सरकण्डा तहसील व जिला बिलासपुर छ.ग.
द्वारा विशेष विवाह अधिनियम-1954 की धारा-5 के तहत सूचना पत्र प्रस्तुत किया गया है। अतः प्राप्त सूचना का प्रकाशन सर्व साधारण के लिए दैनिक समाचार पत्र में किया जाता है। इस विवाह के संबंध में यदि कोई आपत्ति या दावा हो तो अपनी आपत्ति/दावा इस कार्यालय में दिनॉक 28.04.2025 को प्रातः 11:00 बजे प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित अवधि पश्चात प्राप्त आपत्ति/दावा पर कोई विचार करना संभव नहीं होगा।


अमन सिंह राजपूत


अमृता मानिकपुरी

विवाह अधिकारी
बिलासपुर (छ.ग.)


3- April --REGNOL-pg- 4 -COMMAN_Layout 1 4/3/2025 11:55 PM Page 1

हरिभूमि लाइव
बिलासपुर, शुक्रवार 4 अप्रैल 2025
Email id- haribhoomibsp@gmail.com
Whats App - 6263190692, 8305922255



चयन

## डॉ. निधीश का स्टार्टअप नई दिल्ली के लिए चयनित

**बिलासपुर।** डी.पी. विप्र महाविद्यालय के इलेक्ट्रानिक्स विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. निधीश चौबे का चयन 5 अप्रैल तक आयोजित हो रहे भारत मंडपम स्टार्टअप महाकुंभ के लिए हुआ है। पिछले




साल भी नई दिल्ली में स्टार्टअप महाकुंभ का आयोजन किया गया था, जिसमें देश भर के युवाओं ने भाग लिया था और स्टार्टअप का लाभ उठाया था। इस बार यह इवेन्ट और भी ज्यादा व्यापक होने जा रहा है जहां अत्याधिक टेक्नोलॉजी सेक्टरस को एक ही मंच पर लाया जा रहा है, जिनमें शामिल हेल्थटेक और बायोटेक, एग्रीटेक और प्लाईमेंटटेक, फिटनेश, डीटूसी गेमिंग और स्पोर्टस बीटूबी और प्रीसीजन मैन्यूफेक्चरिंग, डिफेन्स और स्पेसटेक, मोबिलिटिस शामिल है। हर सेक्टर के लिए स्पेशल पेबेलियन बनाया गया है। जहां स्टार्टअप को अपने इनोवेटिव आईडियस और प्रोडक्ट को प्रदर्शित करने का मौका मिलेगा। साथ ही यहां एक्सपर्ट क्रांफ्रेस मास्टर क्लास, पिचींग सेशन्स और राउण्ड टेबल डिक्शन्स भी आयोजित किये जाऐगे जिससे भारतीय स्टार्टअप को ग्लोबल लेबल पर पहचान मिलेगी। यह आयोजन भारत वर्ष के लिए सबसे बड़ा आयोजन है। इस भारत मंडपम में आयोजित होने वाले इस इवेन्ट में भारत के स्टार्टअप इकोसिस्टम की ताकत और संभावनाओं को बताया जाएगा। इसे डी.पी. आई.आई. पी. का समर्थन मिला है, इस इवेन्ट में जहां स्टार्टअप को ग्लोबल इनवेटर्स, इन्क्यूबेटर्स और एक्सेलेटर्स के साथ नेटवर्किंग और ग्रोथ के मौके मिलेंगे। इतने बड़े आयोजन को एफआईसीसीआई, एसोचिम, आईवीसा, नासकॉम और बूट स्टेप एडवाईजरी और फाउण्डेशन के माध्यम से आयोजित किया जा रहा है। डॉ. निधीश चौबे का चयन होने पर संस्था के प्रशासन समिति के अध्यक्ष अनुराग शुक्ला एवं वरिष्ठ सदस्य राजकुमार अग्रवाल, प्राचार्य डॉ. अंजू शुक्ला, बधाई देते हुए कहा कि महाविद्यालय में स्टार्टअप को एक नया रूप देने में महत्वपूर्ण भूमिका होगी।

आयोजन

## बीज मंत्र दुर्गा सप्तशती का पाठ करने उमड़ रही भीड़



**बिलासपुर।** मेडिटेशन हॉल श्री साईं कृपा हॉस्पिटल सरजू बगीचा रोड में नवरात्रि पर्व पर पूरे 9 दिन का अनुष्ठान, नवरात्रि बीज मंत्र दुर्गा सप्तशती का पाठ किया जा रहा है। यह पाठ 6 अप्रैल तक शाम साढ़े 4 से 6 बजे तक चलेगा। साधना में हर दिन डेढ़ सौ से ज्यादा साधक भाग ले रहे हैं।

साधक पुनीत ढ़ढारिया ने बताया कि यह साधना पूर्णतः निःशुल्क है। इसमें कोई पंजीयन की आवश्यकता नहीं है। साधना के बाद फलाहारी प्रसाद का वितरण होता है। साधना में गृह दोष मुक्ति के लिए बिना खर्चे के आसान तरीके बताए जाते हैं। जिसका लाभ साधकों को मिल रहा है। ग्रह व पितृ दोष का निवारण भी किया जा रहा है। 4 बजे तक मेडिटेशन हॉल पूरी तरह भर जाता है। इसके बाद साधकों की हाल के बाहर बैठने की व्यवस्था की गई है। सेवा साधक महक ने बताया कि उनकी तबियत बहुत खराब थी। वह सोनोग्राफी के लिए जा रही थी, तभी उनको प्रेरणा हुई की पहले साधना में जाना चाहिए। साधना के बाद उनका शरीर चमत्कारिक रूप से 50 प्रतिशत स्वस्थ हो गया। ममता काले, गणेश गर्ग, प्रवीण वर्मा अन्नू गर्ग, रानी, प्रभा तिवारी, उषा नायर ने भी अपने अनुभव साझा किए और बताया कि उन्हें भी इस साधना का पूरा लाभ मिल रहा है।

सरजू बगीचा में चल रहा 9 दिन का अनुष्ठान

शिविर

## देवियों के आध्यात्मिक रहस्यों को धारण करना ही 'नवरात्रि पर्व' मनाना है

**बिलासपुर।** प्राचीन पौराणिक कथा है कि राक्षसों के असर से देवता जब काफी त्रस्त हो गए तो उन्होंने अपनी रक्षा के लिए शक्ति की



आराधना करने लगे। फलस्वरुप शक्ति ने दुर्गा रूप में प्रकट होकर राक्षसों का विध्वंस किया और देवताओं के देवत्व की रक्षा की। आज भी शक्ति के नौ रूपों को नौ दिनों तक पूजा चलती है जिसे 'नौ दुर्गे' या 'नवरात्रि' कहते हैं।उक्त वक्तव्य प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय बिलासपुर की मुख्य शाखा टेलीफोन एक्सचेंज रोड स्थित राजयोग भवन की संचालिका बीके स्वाति दीदी ने नवरात्रि का आध्यात्मिक रहस्य बताते हुए कहा। दीदी ने नौ दिनों में नौ देवियों के पूजन का रहस्य बताते हुए कहा कि नवरात्र का पहला दिन दुर्गा देवी के रूप में माना जाता है। वह 'शैलपुत्री' के नाम से पूजी जाती है। दुर्गा को शिव-शक्ति कहा जाता है। हाथ में माला भी दिखाते हैं। माला परमात्मा के याद का प्रतीक है। जब परमात्मा को याद करेंगे तो जीवन में सामना करने की शक्ति, निर्णय करने, सहन करने, सहयोग करने, समेटने, परखने, समाने और विस्तार को संकीर्ण करने की यह अष्ट शक्तियाँ जीवन में प्राप्त होती हैं। इसलिए दुर्गा को अष्ट भुजा दिखाते हैं। हाथ में बाण दिखाते हैं। जिसका अर्थ है- ज्ञान रूपी बाण द्वारा विकारों का संहार किया। यह सिद्धिदायी वह शक्ति है जो विश्व का कल्याण करती है। जगत का कष्ट दूर कर अपने भक्तजनों को मोक्ष प्रदान करती है। इस तरह नौ देवियों की आध्यात्मिक रहस्यों को धारण करना ही 'नवरात्रि पर्व' मनाना है। वर्तमान समय स्वयं निराकार परमपिता परमात्मा इस कलियुग के घोर अंधकार में माताओं- कन्याओं द्वारा सभी को ज्ञान देकर फिर से स्वर्ग की स्थापना कर रहे हैं। परमात्मा द्वारा दिए गए इस ज्ञान को धारण कर अब हम ऐसी नवरात्रि मनाये जो अपने अंदर विकार है, वह खत्म हो जाये।

# इंडोर प्लांट गर्मी में दे रहे सुकून प्रदूषण दूर कर देते हैं शुद्ध हवा



## मौसमी व सजावटी पौधे भी खरीद रहे

*गर्मी का मौसम आते ही तापमान बढ़ने लगता है। ऐसे में लोग गर्मी से राहत पाने कमरों को ठंडा करने में जुट जाते हैं। इसके लिए कूलर, एसी, पंखा आदि का उपयोग करते हैं। प्राकृतिक रूप से ठंडा रखने के लिए कई ऐसे पौधे बाजार में उपलब्ध हैं जिसे घर के अंदर रखकर ठंडकता पाई जा सकती है। साथ ही घर का तापमान भी कम हो जाता है और प्रदूषण से भी बहुत हद तक राहत मिलती है।*

**बिलासपुर।** प्रोफेसर एसके शर्मा ने बताया कि पौधों की छांव से शीतलता मिलती है, इसके बारे में तो पूरी दुनिया जानती है। लेकिन कुछ ऐसे पौधे हैं जो टेम्परेचर को कम करने में काफी सहायक होते हैं। बढ़ते पॉल्यूशन की वजह से लगातार तापमान में बढ़ोतरी हो रही है, ऐसे में हमें घर के अंदर एयर क्लीरिंग वाले प्लांट्स लगाने चाहिए। जिससे वातावरण संतुलित हो सके। डॉ. शिशिर शर्मा के मुताबिक घर में एयर पॉल्यूशन को कम करने वाले पौधे ज्यादा से ज्यादा रखने चाहिए। ये पौधे पॉल्यूशन को सोखकर अधिक मात्रा में ऑक्सीजन देते हैं। एलोविरा, गार्डन मम, स्पाइडर प्लांट, ड्रेकेना, फाइकस, पीस लिली और बोस्टन फेन ऐसे कुछ पौधे हैं, जिन्हें हम आर्टिफिशियल पौधों की जगह घर में सजा सकते हैं।





**लोगों को लुभा रहे सजावटी पौधे:** इसके अलावा लोगों को सजावट के पौधे खूब लुभा रहे हैं और अच्छी संख्या में इसकी खरीदारी कर रहे हैं। सजावटी पौधों में मोरपंख, अमलताश, पत्थरचटा, छुईमुई सहित कई पौधे लोगों की पसंद बने हुए हैं।



### गर्मी के अनुकूल होते हैं यह पौधे

आमतौर पर प्लांटेशन का समय मानसून की शुरुआत में माना जाता है, लेकिन बदलते वक्त के साथ इसमें भी बदलाव होने लगा है। आजकल हर सीजन में पौधे लगाए जाते हैं, बस जरूरत होती है तो सीजन के हिसाब से उनकी देखभाल की। गर्मी के सीजन में लोटस वाटर लिली, रजनीगंधा, मोगरा, गेंदा, कॉसमॉस, गुलदावरी, जीनिया, सनफ्लावर, ग्लेडियस, पोरचुरा, कैक्टस, चंपा, नीलकंठ, अडेनियम, विंकारोजिया, कोचिया, गेफ्रीना, फ्लाक्सो, पंसी, अजेलिया, जमेलिया, एन्थेरियम आदि पौधे लगाए जाते हैं। ये पौधे गर्मी में पनपते हैं। सजावटी दिखने वाले ये पौधे सुंदर फूल तो देते ही हैं साथ ही इनसे घर में शीतलता भी रहती है।

### एलोवेरा से होता है हवा का शुद्धिकरण

नर्सरी संचालक रितेश साहू ने बताया कि स्किन के लिए शानदार माने जाने वाला एलोवेरा हवा की शुद्धिकरण के लिए काफी सहायक होता है। इसमें पाए जाने वाले विटामिन, एंजाइम, अमीनो एसिड और एंटी वैक्टीरियल एलीमेंट्स के कारण यह पौधा फॉर्मल्डिहाइड गैस को सोखता है।

### ऐसे करें पौधों की देखभाल

ग्रीन नर्सरी के संचालक शैलेन्द्र कश्यप ने बताया कि गर्मी के मौसम में पानी की कमी होने से पेड़ पौधों की खुराक पर असर पड़ता है। ऐसे में सुबह-शाम पौधों को पानी जरूर देना चाहिए। बेहतर होगा कि शुरू से पौधों को भरपूर पानी देते रहे। ऐसा करने से पौधे हमेशा खिले-खिले रहेंगे। सुबह के समय पौधों के पत्तों पर पानी नहीं डालना चाहिए, इससे वे मुरझा सकते हैं। पौधों में गोबर और जैविक खाद का उपयोग करना चाहिए। साथ ही धूप से बचाने के लिए पौधों को ग्रीन मेट से कवर करना चाहिए। इसके अलावा पौधों की नियमित कटाई और छंटाई करना आवश्यक है। ऐसा करने से पौधे जल्दी बढ़ते हैं। नर्सरी संचालक सोलंकी के अनुसार अभी सजावटी के साथ ही हवा को शुद्ध करने वाले पौधों की डिमांड अधिक है। लोग आकर्षक फूल के साथ हरियाली बढ़ाने वाले पौधे खरीद रहे हैं।

# भगवत कृपा सदैव मार्ग प्रशस्त करती है

**बिलासपुर।** श्री पीताम्बरा पीठ त्रिदेव मन्दिर सुभाष चौक सरकण्डा बिलासपुर छत्तीसगढ़ में चैत्र नवरात्र के पावन पर्व पर बिलासपुर शहर एवं विश्व कल्याण के लिए श्रीमद् देवी भागवत महापुराण कथा का आयोजन किया गया है। पीतांबरा पीठ कथा मंडप से कथा व्यास आचार्य मुरारी लाल त्रिपाठी राजपुरोहित कटघोरा ने बताया कि भगवत कृपा सदैव मार्ग प्रशस्त करती है।



प्रसंग के दौरान बताया कि तपस्या से प्रसन्न होकर ब्रह्माजी का वृत्रासुर को वरदान देना, त्वष्टा की प्रेरणा से वृत्रासुर का स्वर्ग पर आक्रमण करके अपने अधिकार में कर लेना, इन्द्र का पितामह ब्रह्मा और भगवान शंकरके साथ वैकुण्ठधाम जाना वृत्रासुर का देवलोक पर आक्रमण, बृहस्पति द्वारा इन्द्र की भर्त्सना करना और वृत्रासुर को अजेय बतलाना, इन्द्र की पराजय, त्वष्टा के निर्देश से वृत्रासुर का ब्रह्माजी को प्रसन्न करनेके लिये तपस्यारत होना। इन्द्राणी को बृहस्पति की शरण में जानकर नहुष का क्रुद्ध होना, देवताओं का नहुष को समझाना, बृहस्पति के परामर्श से इन्द्राणी का नहुष से समय माँगना, देवताओं का भगवान विष्णु के पास जाना और विष्णु का उन्हें देवी को प्रसन्न करने के लिये अश्वमेधयज्ञ करने को कहना, बृहस्पति का शची को भगवती की आराधना करने को कहना, शची की आराधना से प्रसन्न होकर देवी का प्रकट होना और शचीको इन्द्र का दर्शन होना। शचीका इन्द्रसे अपना दुःख कहना, इन्द्र का शचीको सलाह देना कि वह नहुष से ऋषियों द्वारा वहन की जा रही पालकी में आनेको कहे, नहुष का ऋषियों द्वारा वहन की जा रही पालकी में सवार होना और शापित होकर सर्प होना तथा इन्द्रका पुनः स्वर्गाधिपति बनना आदि प्रसंग का विस्तृत वर्णन किया गया।





## श्री राधे राधे बाबा ने किया महामाया देवी का दर्शन

नवरात्र के पावन पर्व पर छत्तीसगढ़ सरकार के राजकीय अतिथि एवं राष्ट्रीय संयुक्त महामंत्री अखिल भारतीय संत समिति महामण्डलेश्वर 1008 श्री मनमोहनदास महाराज राधे राधे बाबा इंदौर मध्यप्रदेश, पीतांबरा पीठाधीश्वर आचार्य डॉ. दिनेश महाराज अखिल भारतीय संत समिति धर्म समाज छत्तीसगढ़ अध्यक्ष पीतांबरा पीठ त्रिदेव मंदिर सुभाष चौक सरकंडा के साथ माँ महामाया के धाम पहुंचकर श्री आदिशक्ति महामाया देवी का दर्शन एवं पूजन किए। इस अवसर पर रामगोपाल करियारे अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यातायात देवेंद्र नाथ मिश्रा, आराधना मिश्रा, रुद्राक्ष मिश्रा, मुकेश दुबे एवं श्रेयांश चौरसिया आदि उपस्थित रहे।

# अयोध्या यात्रा: पुलिस मैदान से रवाना होगा दर्शनार्थियों का जत्था

## हनुमान जी होंगे पहली सीट पर विराजमान

**बिलासपुर।** सिविल लाइन पुलिस मैदान से 1008 रामभक्तों का जत्था पांच अप्रैल को अयोध्या के लिए रवाना होगा। दर्शनार्थियों को दो घंटे पहले पुलिस मैदान में अपनी उपस्थिति दर्ज करानी होगी। यात्रा को लेकर स्वंयसेवकों ने मोर्चा संभाल लिया है। गुरुवार को मैदान में भव्य मंच का निर्माण प्रारंभ कर दिया। 21 एसी बसों को यहां से रवाना किया जाएगा। बस की पहली सीट पर हनुमान जी विराजमान होंगे। यह सीट पहले से रिजर्व है। रामनवमी के पावन पर्व पर अयोध्या धाम के दिव्य दर्शन करने भव्य यात्रा प्रारंभ होगा। यात्रा संयोजक प्रवीण झा की अध्यक्षता में लगातार बैठकें चल रही है। गुरुवार को भी तैयारियों को अंतिम रूप देने स्वंयसेवकों को विशेष दिशा निर्देश दिए गए हैं। प्रमुख रूप से रामप्रताप सिंह,रौशन सिंह,त्रिभुवन सिंह,एके कंठ,रिंकू मित्रा,मुकेश झा,हरिशंकर कुशवाहा, सागर साहू,सनद पटेल, संतोष सिंह,संतोष चौहान, अभिषेक साहू,संजय द्विवेदी,सन्नी गिरी,जयदीप घोष,चन्द्रकिशोर प्रसाद,शैलेन्द्र सिंह,शुभम राय,अशोक पाण्डेय,सूरज कौशिक,अजित पंडित,उचित सूद,राकेश राय,वैनकट नायडू,राजीव अग्रवाल, निभा दास,भाग्य लक्ष्मी,निहारिका त्रिपाठी,नितीन श्रीवास्तव,राजकुमार जैसवानी,योगेश बोले, रुपेश कुशवाहा शामिल थे। पुलिस मैदान में भव्य मंच का निर्माण एवं टेंट का व्यवस्था किया जा रहा है। अतिथियों द्वारा विधिवत पूजा अर्चना के बाद बसों को रवाना किया जाएगा।



### दर्शनार्थियों के लिए जरूरी दिशा-निर्देश

सभी भक्त भगवा वस्त्र धारण कर पांच अप्रैल की सुबह 10 बजे पुलिस मैदान में पहुचेंगे, भक्तों को अपना ओरिजनल पावती और आधार कार्ड अनिवार्य रूप से रखना होगा। प्रस्थान से ठीक पहले आई कार्ड वितरण सुबह 10.30 से 11.30 बजे तक ही होगा।ओरिजनल पावती जमा करने पर ही आई कार्ड एवं अन्य सामग्री का पैकेट मिलेगा। बस में प्रवेश के लिए आधार कार्ड साथ में लाना एवं आई कार्ड पहनना अनिवार्य। दर्शणार्थी बस इंचार्ज के दिशा-निर्देशों का पालन करेंगे।

### भोजन, जलपान व विश्राम

श्रद्धालुओं की सुरक्षा, सुविधा और सुचारू संचालन को ध्यान में रखते हुए 21 एसी बसों का प्रबंध किया गया है। साथ ही, चिकित्सा और सुरक्षा दल की भी विशेष तैनाती सुनिश्चित की गई है। यात्रा के दौरान भोजन, जलपान और विश्राम स्थलों की भी व्यवस्था की गई है। बता दें कि यह यात्रा पूरी तरह से निश्शुल्क है। भक्तों से किसी भी प्रकार की राशि नहीं ली गई है। पिछले साल भी सफलता पूर्वक यात्रा संपन्न हुआ था।

### व्हाटसएप ग्रुप में संदेश प्रसारित

यात्रा को सुरक्षित बनाने के लिए पुलिस और स्वयंसेवकों की टीम तैनात होगी। इसके लिए बकायदा व्हाटसएप ग्रुप भी बनाए गए हैं। ताकि दर्शनार्थियों को किसी तरह की समस्या न हो। आपात स्थिति में सहायता के लिए एंबुलेंस और चिकित्सा दल की व्यवस्था भी की गई है। हर बस में एक स्वयंसेवक की टीम सभी दर्शनार्थियों का ख्याल रखेगी।

मेंस सीनियर एलिट ग्रुप इंटर डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट प्रतियोगिता

# बिलासपुर तीसरी जीत के साथ पहुंचा सेमीफाइनल में

स्पोर्ट्स न्यूज

**बिलासपुर।** स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित मेंस सीनियर एलिट ग्रुप इंटर डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें बिलासपुर ने अपना चौथा मैच महासमुंद के मध्य खेला और बिलासपुर में दूसरे दिन का खेल खेलते हुए सात विकेट खोकर 420 बना लिए थे। तीसरे दिन का खेल खेलते हुए 122.5 ओवर में 541 में बना कर पूरी टीम आउट हो गई।

बिलासपुर की ओर से बल्लेबाजी करते हुए आज के दिन कप्तान मयंक यादव ने 83 रन और अतुल शर्मा ने 51 रनों का योगदान दिया।महासमुंद की ओर से गेंदबाजी करते हुए सुधांशु वर्मा ने चार विकेट आयुष द्विवेदी और शशांक चंद्राकर ने दो-दो विकेट प्राप्त किया।इस तरह बिलासपुर ने महासमुंद से 285 रनों की बढ़त बना ली। इसके पश्चात महासमुंद ने अपनी दूसरी पारी खेलते हुए 25 ओवर में मात्र 99 रन बनाकर पूरी टीम आउट हो गई।महासमुंद की ओर से बल्लेबाजी करते हुए ओमकार देशमुख ने 25 और चंद्रकांत ने 21 रनों का योगदान दिया।बिलासपुर की ओर से गेंदबाजी करते हुए स्नेहिल चड्ढा और शुभम यादव ने तीन-तीन विकेट और मयंक यादव मोहित, रावत ने दो-दो विकेट प्राप्त किया। इस तरह बिलासपुर ने महासमुंद को एक पारी और 186 रनों से हराकर बोनस के साथ 7 अंक प्राप्त किए और सेमीफाइनल में जगह बनाई। बिलासपुर के 4 मैच में कुल 20 अंक हुए है और ग्रुप बी में टॉप पर विराजमान है। मैच के निर्णायक पंकज नायडू और हरप्रीत सिंह है स्कोरर मनोज तिवारी ऑब्जर्वर राजेश शुक्ला है। बिलासपुर टीम के कोच शैलेश सैमुएल और मोईन मिर्जा है। यह सभी जानकारी क्रिकेट बिलासपुर के सचिव विंटेश अग्रवाल के द्वारा दिया गया।



### पहली पारी में चार सौ रन की बढत

इसके अलावा राजनांदगांव के ददिग्विजय स्टेडियम में बिलासपुर ब्लू अपना चौथा मैच भिलाई के मध्य खेल रही है। जिसमें भिलाई ने दूसरे दिन का खेल खत्म होते तक चार विकेट होकर 395 रन बना लिए थे।आज तीसरे दिन भिलाई ने 150.3 ओवर में 6 विकेट खोकर 561 रन बनाकर पारी घोषित कर दी। जिसमें साहिल रजत शरीफ ने 149 शुभम सिंह ने 100 रन और संजीत देसाई ने 61 रनों का योगदान दिया। बिलासपुर ब्लू की ओर से गेंदबाजी करते हुए प्रवीण कुमार यादव को दो विकेट श्रेयम सुंदरम, उत्कृष्ट तिवारी, परिवेश धर और उपेंद्र कुमार यादव को एक-एक विकेट प्राप्त हुए।भिलाई ने बिलासपुर से पहली पारी में 404 रनों की बढ़त बना ली।

### छत्तीसगढ़ की महिला टीम श्रीनगर रवाना

खेलो इंडिया अस्मिता पेंचाक सिलाट मार्शल आर्ट लीग सीनियर नेशनल का आयोजन भारत सरकार खेल मंत्रालय एवं भारतीय खेल प्राधिकरण द्वारा श्रीनगर के शेर कश्मीर इंडोर स्टेडियम में आयोजित की जा रही है। उक्त प्रतियोगिता में भाग लेने छत्तीसगढ़ के 12 सीनियर महिला खिलाड़ी और एक कोच समेत कुल 13 सदस्य दुर्ग उधमपुर एक्सप्रेस से रवाना हुए। खिलाड़ियों को उसलापुर स्टेशन में खिलाड़ियों रवानगी पूर्व पेंचाक सिलाट मार्शल आर्ट प्रमुख शेख समीर ने खिलाड़ियों को आशीर्वाद दिया और जीत के आने की शुभकामनाओं के साथ उन्हें माला पहनाकर रवाना कीए। इस टीम में ममता पांडे बस्तर,अलवेनी राव बिलासपुर,लिनीमा साहू, बलौदा बाजार, प्रीति आदिले,संतोषी कोसले,सकीना लहरें कबीरधाम, गरिमा साहू,अंबिका पटेल,विजया साहू, तीर्थ भारद्वाज रायपुर, कल्याणी वर्मा,सानिया परवीन बेमेतरा एवं कोच मनीष निषाद कवर्धा के देखरेख में टीम रवाना हुई।



## खबर संक्षेप

### एनएसयूआई ने एयू का पुतला फूंका

**बिलासपुर।** एनएसयूआई ने गुरूवार को उच्च शिक्षा विभाग और अटल यूनिवर्सिटी के खिलाफ प्रदर्शन व नारेबाजी करते हुए शवयात्रा निकाली और पुतला दहन किया। एनएसयूआई ने यूनिवर्सिटी प्रबंधन पर शैक्षणिक पदों की भर्ती में गड़बड़ी, वित्तीय अनियमितता और भ्रष्टाचार का आरोप लगाया है। प्रदर्शनकारियों ने राज्य सरकार से इस मामले में जांच एवं दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग भी की है। उनका कहना है कि वर्ष 2024-25 में शैक्षणिक पदों की भर्ती में आरक्षण नियमों का पालन नहीं किया गया और अनुसूचित जाति एवं जनजाति के लिए आरक्षित पदों को भरा हुआ दिखाकर गलत आरक्षण रोस्टर तैयार किया गया। 14 जून 2024 को विज्ञापन जारी किया गया था। कुछ पदों पर साक्षात्कार कराकर नियुक्तियां तक कर दी गई, जबकि मामला उच्च न्यायालय में विचाराधीन था। संगठन ने इसे पूरी तरह से अवैध करार दिया है। धरना प्रदर्शन में एनएसयूआई के प्रदेश सचिव रंजेश सिंह, पुष्पराज साहू, प्रदीप सिंह, करन यादव, सुमित ठाकुर, राजा खान, विनीता विश्वकर्मा, यशोदा वारे, ओमप्रकाश मानिकपुरी, मीत सोनवानी, जीतू ठाकुर, वेद राजपूत, विकास बनर्जी, श्याम शेखर, दीपक, बलराम, सोल्जर, राहुल, गजेन्द्र, भोलू, करन, विकास, राजेश देवांगन, कार्तिक, सुदामा आदि शामिल थे।

### परीक्षा केंद्र से अनुपस्थित शिक्षक को नोटिस

**बिलासपुर।** परीक्षा केन्द्र से अनुपस्थित रहने वाले शिक्षक को जिला शिक्षा अधिकारी ने शो कॉज नोटिस जारी किया है। जिला शिक्षा अधिकारी पीपरतराई शासकीय स्कूल में ओपन स्कूल परीक्षा के दौरान निरीक्षण करने पहुंचे थे। मालूम हो माध्यमिक शिक्षा मंडल छत्तीसगढ़ द्वारा हाईस्कूल एवं हायर सेकेण्डरी क्लास के बच्चों के लिए ओपन परीक्षा आयोजित कर रही है। परीक्षा का आयोजन सुचारू रूप से हो सके, इसके लिए विभाग ने शहर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में केन्द्र बनाया है। गुरूवार 3 अप्रैल को बिलासपुर जिला शिक्षा अधिकारी अनिल तिवारी पीपरतराई स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमि शाला में आकस्मिक निरीक्षण करने पहुंचे थे। स्कूल के व्याख्याता महेन्द्र सिंह राजपूत को पर्यवेक्षक नियुक्त किया गया था, जो निरीक्षण के दौरान बिना किसी पूर्व सूचना के केन्द्र से अनुपस्थित थे। पर्यवेक्षक की इस लापरवाही को देखते हुए डीईओ ने 3 दिन के अंदर अपना स्पष्टीकरण कार्यालय में उपस्थित होकर देने को कहा है।

### पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के लिए आवेदन 15 तक

**बिलासपुर।** जिले के निवासी एससी, एसटी एवं ओबीसी वर्ग के वे छात्र जो अपने राज्य से बाहर रहकर पढ़ाई कर रहे हैं। पोस्टमेट्रिक छात्रवृत्ति की पात्रता रखते हैं, वे छात्रवृत्ति के लिए विभागीय वेबसाइट पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। वेबसाइट का पता पोस्टमेट्रिक-स्कॉलरशिप डॉट सीजी डॉट एनआईसी डॉट इन पर 15 अप्रैल तक आवेदन कर सकते हैं। सहायक आयुक्त ने ऐसी अध्ययनरत संस्थाओं के प्राचार्यों, संस्था प्रमुखों और छात्रवृत्ति प्रभारियों को भी अपने बच्चों को पंजीयन कराने और छात्रवृत्ति योजना का लाभ दिलाने का आग्रह किया है। ड्राफ्ट प्रोपोजल लॉक करने और सेंक्शन आर्डर लॉक करने की अंतिम तिथि 21 अप्रैल है। छात्रवृत्ति की पात्रता सहित अन्य प्रासंगिक जानकारी उक्त वेबसाइट का अवलोकन कर सकते हैं।

---

**रेलवे ट्रैक का विस्तारीकरण** — बिलासपुर झारसुगुड़ा के बीच चल रहा है 206 किलोमीटर रेल लाइन बिछाने का काम

# चौथी लाइन की कनेक्टिविटी के लिए रद्द रहेंगी 36 ट्रेनें, 11 से 23 तक थमे रहेंगे पहिए

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

2100 करोड़ रुपए की लागत से बिलासपुर से झारसगुड़ा सेक्शन के बीच 206 किलोमीटर चौथी रेल लाइन सहित अन्य कार्य किए जा रहे हैं, जिसके कारण पूर्व के साथ अब 11 से 23 अप्रैल तक लोकल मेमू, एक्सप्रेस सहित 36 ट्रेनों के पहिए को 9 अप्रैल से रोकने का आदेश जारी कर दिया गया है। वहीं चार गाड़ियों का परिचालन डायवर्ट रूट से करने और अन्य गाड़ियों को बीच में समाप्त करने का निर्णय लिया गया है।

रेल प्रशासन ने पिछले पांच वर्षों में बिलासपुर से झारसुगुड़ा चौथी लाइन, बिलासपुर से कटनी मुरवारा सेक्शन के बीच पेण्ड्रारोड, अनूपपुर से कटनी तीसरी लाइन, रायपुर से नागपुर के बीच चौथी लाइन का कार्य करने के लिए 7 हजार से अधिक यात्री ट्रेनों के पहियों को रोककर करोड़ों की संख्या में यात्रियों का सफर प्रभावित किया है। रेलवे के अनुसार अधोसंरचना का कार्य पूरा होने के बाद यात्री गाड़ियों के आवागमन समय सारिणी के साथ होने पर यात्रियों को सुविधा मिलेगी। रायगढ़ से झारसुगुड़ा सेक्शन में कोतरलिया रेलवे स्टेशन को चौथी लाइन से जोड़ने का कार्य 11 से 23 अप्रैल तक किया जाएगा।

इस कार्य के कारण कुछ गाड़ियों का परिचालन प्रभावित होगा और कार्य के पूर्ण होने के बाद गाड़ियों के परिचालन में गतिशीलता आएगी। इसमें मुख्य रूप से 11 अप्रैल से 5 मई तक 68861/68862 गोंदिया-झारसुगुड़ा और झारसुगुड़ा-गोंदिया मेमू पैसेंजर स्पेशल बिलासपुर से झारसुगुड़ा के बीच, 9, 10, 12, 14, 15, 16, 17, 19, 21, 22 अप्रैल को 12410 निजामुद्दीन-रायगढ़ गोंड़वाना एक्सप्रेस बिलासपुर से रायगढ़ के बीच और 11, 12, 14, 16, 17, 18, 19, 21, 23 व 24 अप्रैल को 12409 रायगढ़-निजामुद्दीन गोंडवाना एक्सप्रेस रायगढ़ से बिलासपुर के बीच रद्द की जाएगी।



### 14 दिन रद्द रहेगी गीतांजली

रेलवे से मिली जानकारी के अनुसार दपूमरे बिलासपुर मंडल अंतर्गत रायगढ़-झारसुगुड़ा सेक्शन में कोतरलिया रेलवे स्टेशन को चौथी लाइन को कनेक्टिविटी का कार्य एवं इस सेक्शन में चौथी लाइन में विद्युतीकृत कार्य किया जाएगा। यह कार्य 11 से 23 अप्रैल तक करने की घोषणा की गई थी। इस कार्य के कारण कुछ यात्री गाड़ियों का परिचालन प्रभावित रहेगा। इसमें पहले 11 से 14 अप्रैल तक मुंबई से चलने वाली 12859 मुंबई-हावड़ा गीतांजली एक्सप्रेस को रद्द करने का नोटिफिकेशन जारी किया गया था। इसमें संशोधन करते हुए रेलवे ने अब ट्रेन को 13 से 26 अप्रैल तक रद्द करने का आर्डर जारी कर दिया है।

### परिवर्तित मार्ग से चलेंगी ट्रेनें

इस दौरान परिवर्तित मार्ग से चलने वाली गाड़ियों में 11 से 24 अप्रैल तक 12810 हावड़ा-मुम्बई मेल एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग झारसुगुड़ा-टिटलागढ़, रायपुर होकर, 11 से 24 अप्रैल तक 12809 मुम्बई-हावड़ा मेल एक्सप्रेस रायपुर, टिटलागढ़, झारसुगुड़ा होकर, 11, 14, 15, 16, 18, 21, 22, 23 अप्रैल को 12262 हावड़ा-मुंबई दूरंतो एक्सप्रेस झारसुगुड़ा, टिटलागढ़, रायपुर होकर, 13, 15, 16, 17, 20, 22, 23, 24 अप्रैल को 12261 मुंबई-हावड़ा-दूरंतो एक्सप्रेस टिटलागढ़, झारसुगुड़ा होकर चलाई जाएगी। इसके कारण ट्रेन रायगढ़ से बिलासपुर और बिलासपुर से रायपुर के बीच रद्द रहेगी।

### मेरामण्डली स्टेशन में ब्लाक से ट्रेनें प्रभावित

ईस्ट कोस्ट रेलवे के खुर्दा रोड रेल मंडल अंतर्गत मेरामण्डली से हिंदोल रोड रेलवे लाइन को मेरामण्डली स्टेशन से जोड़ने का कार्य लेकर ब्लाक के कारण ट्रेनों का परिचालन प्रभावित रहेगा। जानकारी के अनुसार 15 से 24 अप्रैल तक ईस्ट कोस्ट रेलवे खुर्दा रोड रेल मंडल अंतर्गत मेरामण्डली-हिन्दोल रोड सेक्शन में तीसरी एवं चौथी रेल लाइन को मेरामण्डली स्टेशन से जोड़ने का कार्य करने की वजह से ब्लाक लिया जाएगा। इस कार्य की वजह से दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से चलने और गुजरने वाली यात्री गाड़ियों का परिचालन प्रभावित होगा। इन गाड़ियों में 19 अप्रैल को जोधपुर से रवाना होने वाली 20814 जोधपुर-पुरी एक्सप्रेस, 16 अप्रैल को पूरी से रवाना होने वाली 20813 पूरी-जोधपुर एक्सप्रेस, 13 अप्रैल को एलटीटी से रवाना होने वाली 12145 एलटीटी-पूरी एक्सप्रेस, 15 अप्रैल को पूरी से रवाना होने वाली 12146 पूरी-एलटीटी एक्सप्रेस, 18 अप्रैल को गांधीधम से रवाना होने वाली 12993 गांधीधाम-पूरी एक्सप्रेस, 21 अप्रैल को 12994 पूरी-गांधीधाम एक्सप्रेस, 15 एवं 22 अप्रैल को इंदौर से रवाना होने वाली 20917 इंदौर-पूरी एक्सप्रेस और 17 व 24 अप्रैल को पूरी से रवाना की जाने वाली 20918 पूरी-इंदौर एक्सप्रेस रद्द किए जाएंगे।

### प्रभावित होने वाली ट्रेनें

- 11 से 24 अप्रैल तक 68737 रायगढ़-बिलासपुर मेमू रद्द।
- 11 से 24 अप्रैल तक 68738 बिलासपुर-रायगढ़ मेमू रद्द।
- 10 से 23 अप्रैल तक 68736 बिलासपुर-रायगढ़ मेमू रद्द।
- 10 से 23 अप्रैल तक 68735 रायगढ़-बिलासपुर मेमू रद्द।
- 10 से 23 अप्रैल तक 18113 टाटानगर-बिलासपुर एक्सप्रेस रद्द।
- 11 से 24 अप्रैल तक 18114 बिलासपुर-टाटानगर एक्सप्रेस रद्द।
- 11 से 24 अप्रैल तक 18109 टाटानगर-नेताजी सुभाषचंद्र बोस इतवारी एक्सप्रेस रद्द।
- 11 से 24 अप्रैल तक 18110 नेताजी सुभाषचंद्र बोस इतवारी-टाटानगर एक्सप्रेस रद्द।
- 16 एवं 23 अप्रैल को 20828 संतरागाछी-जबलपुर एक्सप्रेस रद्द।
- 17 एवं 24 अप्रैल को 20827 जबलपुर-संतरागाछी एक्सप्रेस रद्द।
- 11, 15, 18, 22, 25 अप्रैल को 17008 दरभंगा-सिकंदराबाद एक्सप्रेस रद्द।
- 8, 12, 15, 19, 22 अप्रैल को 17007 सिकंदराबाद-दरभंगा एक्सप्रेस रद्द।
- 12 एवं 19 अप्रैल को 20822 संतरागाछी-पुणे एक्सप्रेस रद्द।
- 14 एवं 21 अप्रैल को 20821 पुणे-संतरागाछी एक्सप्रेस रद्द।
- 10, 14, 17, 21 अप्रैल को 12880 भुवनेश्वर-कुर्ला एक्सप्रेस रद्द।
- 12, 16, 19, 23 अप्रैल को 12879 कुर्ला-भुवनेश्वर एक्सप्रेस रद्द।
- 11 एवं 18 अप्रैल को 22843 बिलासपुर-पटना एक्सप्रेस रद्द।
- 13 एवं 20 अप्रैल को 22844 पटना-बिलासपुर एक्सप्रेस रद्द।
- 11 एवं 18 अप्रैल को 12870 हावड़ा-मुम्बई एक्सप्रेस रद्द।
- 13 एवं 20 अप्रैल को 12869 मुम्बई-हावड़ा एक्सप्रेस रद्द।
- 9, 10, 16, 17 अप्रैल को 12151 एलटीटी-शालीमार एक्सप्रेस रद्द।
- 11, 12, 18, 19 अप्रैल को 12152 शालीमार-एलटीटी एक्सप्रेस रद्द।
- 10 एवं 17 अप्रैल को 22894 हावड़ा-सांईनगर शिरडी एक्सप्रेस रद्द।
- 12 एवं 19 अप्रैल को 22893 सांईनगर शिरडी-हावड़ा एक्सप्रेस रद्द।
- 11, 12, 18, 19 अप्रैल को 12812 हटिया-एलटीटी एक्सप्रेस रद्द।
- 13, 14, 20, 21 अप्रैल को 12811 एलटीटी-हटिया एक्सप्रेस रद्द।
- 11 एवं 24 अप्रैल को 12129 पुणे-हावड़ा आजाद हिंद एक्सप्रेस रद्द।
- 11 एवं 24 अप्रैल को 12130 हावड़ा-पुणे आजाद हिंद एक्सप्रेस रद्द।
- 10, 12, 17, 19 अप्रैल को 12222 हावड़ा-पुणे दूरंतो एक्सप्रेस रद्द।
- 12, 14, 19, 21 अप्रैल को 12221 पुणे-हावड़ा दूरंतो एक्सप्रेस रद्द।
- 9, 10, 16, 17 अप्रैल को 12905 पोरबंदर-शालीमार एक्सप्रेस रद्द।
- 11, 12, 18, 19 अप्रैल को 12906 शालीमार-पोरबंदर एक्सप्रेस रद्द।
- 11, 12, 14, 15, 18, 19, 21, 22 अप्रैल को 12101 एलटीटी-शालीमार ज्ञानेश्वरी एक्सप्रेस रद्द।
- 13, 14, 16, 17, 20, 21, 23, 24 अप्रैल को 12102 शालीमार-एलटीटी ज्ञानेश्वरी एक्सप्रेस रद्द।

---

**परेशानी:** सबसे अधिक अवैध पार्किंग होती है इसी इलाके में

# नेहरू चौक से लेकर कलेक्टोरेट तक सड़क पर सुबह से लेकर शाम तक गाड़ियां ही गाड़ियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

■ **रजिस्ट्री कार्यालय के पास चलने की जगह नहीं रहती**

ट्रैफिक पुलिस द्वारा लगातार कार्रवाई किए जाने के बावजूद नेहरू चौक से लेकर न्यू कंपोजिट बिल्डिंग तक की सड़क अवैध पार्किंग की समस्या से मुक्त नहीं हो सकी है। इस सड़क के दोनों ओर कतार से चार पहिया वाहन खड़े हो रहे हैं, जिससे जाम में फंसकर लोगों को हलाकान होना पड़ रहा है। रजिस्ट्री कार्यालय के पास की सड़क पर तो चलने की भी जगह नहीं रहती है।

नेहरू चौक से लेकर मुंगेली रोड तक सुगम यातायात व्यवस्था बनाने सड़क चौड़ीकरणकिया गया है। लोगों के वाहन खड़े करने के लिए करोड़ों रुपए खर्च कर एसपी आफिस के बाजू में मल्टी लेवल पार्किंग बनाई गई है। उसके बाद भी इस सड़क पर अवैध पार्किंग की जा रही है। नेहरू चौक में आटो वाले खड़े रहते हैं, बैंक से लेकर न्यू कंपोजिट बिल्डिंग तक सड़क के दोनों ओर कतार से चार पहिया वाहन खड़े हो रहे है। इससे लोगों को आवागमन में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इस क्षेत्र में ट्रैफिक पुलिस कार्रवाई करती है, उसके बाद भी व्यवस्था में सुधार नहीं हुआ है।



रजिस्ट्री कार्यालय पार्किंग स्थल पर दोनों ओर दुपहिया वाहनों की लगी लंबी कतार।

### महाराणा प्रताप चौक पर ठेला

शहर के व्यस्त चौक महाराणा प्रताप चौक को भगवान भरोसे छोड़ दिया गया है। बीच चौक में ठेला वालों व आटो वालों ने कब्जा कर लिया है। सबसे ज्यादा परेशानी गौरव पथ से महाराणा प्रताप चौक जाने वालों को होती है। लेफ्ट साइड जाने के लिए जगह नहीं रहता है। मजबूरी में लोगों को रूककर परेशान होना पड़ रहा है। मजेदारबात यह है कि चौक में तैनात ट्रैफिक पुलिस ठेला व आटो वालों को नहीं हटाते हैं। सड़क किनारे बैठकर खानापूर्ति ड्यूटी कर रहे हैं। नेहरू चौक से रायपुर मार्ग में 24 घण्टे ट्रैफिक का दबाव रहता है। आलम यह है कि जिला सहकारी बैंक के सामने आधी सड़क पर वाहन खड़े हो रहे हैं।



नेहरू चौक से कलेक्टोरेट की ओर जाने वाली सड़क पर अवैध पार्किंग।

### कार्रवाई कराई जाएगी

कलेक्टोरेट रोड पर नो पार्किंग में खड़े होने वाले वाहनों को लिफ्टिंग कर कार्रवाई की जाती है। एक बार फिर अभियान चलाया जाएगा। चौक चौहारे पर कब्जाधारियों को हटाया जाएगा।

**शिवचरण सिंह परिहार**
ट्रैफिक डीएसपी

---

# व्यापारियों ने मंडी समिति कार्यालय का किया घेराव

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

■ **आनलाइन लाइसेंस नवीनीकरण प्रक्रिया को बताया जटिल**

थोक फल सब्जी मंडी तिफरा के 143 व्यापारियों ने गुरुवार 3 अप्रैल को विभिन्न समस्याओं को लेकर कृषि उपज मंडी समिति के कार्यालय तोरवा धान मंडी में कृषि उपज मंडी सचिव एवं अन्य अधिकारी से मुलाकात कर समस्याओं से अवगत कराया। व्यापारियों ने बताया कि कृषि उपज मंडी समिति लाइसेंस के नवीनीकरण के लिए मंडी बोर्ड ने ऑनलाइन वेबसाइट चालू किया है, परन्तु यह नवीनीकरण ऑनलाइन प्रक्रिया जटिल है जिसमें उन्हें कई समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। मंडी में व्यापार करने के लिए सभी व्यापारियों का लाइसेंस लेना जरूरी है, लेकिन इस साल नवीनीकरण प्रक्रिया ऑनलाइन कर दी गई है, जिससे कई तकनीकी समस्या आ रही है। व्यापारी ने मंडी सचिव से निवेदन किया कि 5 हजार रुपए निर्धारित फीस लेकर सभी व्यापारी का लाइसेंस मैनुअल नवीनीकरण किया जाए ताकि कामकाज प्रभावित ना हो सके।

व्यापारियों ने मंडी में बढ़ते मवेशियों की समस्याओं को लेकर चिंता जताई। उनका कहना कि आवारा मवेशी सब्जियों को नुकसान पहुंचा रहा हैं। व्यापार में बाधा बन रहे हैं। व्यापारियों ने मांग की है कि मंडी के पीछे सरकारी भूमि पर गौशाला बनाने एवं मंडी रोड पर ट्रैफिक समस्या को और लगातार हो रही चोरियों पर चिंता व्यक्त की।

इस अवसर पर थोक फल सब्जी महासंघ के अध्यक्ष अनिल सलूजा, सब्जी संघ के अध्यक्ष मुकेश अघीजा, कृषि उपज मंडी के सचिव आरके ध्रुव, फल सब्जी मंडी तिफरा के प्रभारी श्याम तिवारी एवं फल सब्जी संघ के सचिव राज सोनकर, संदीप तेजवानी, सतीश कछवाहा, कुमार साहू, बलवीर सिंह सलूजा, ओम किगरनी, जीवत रोहरा, मनीष रोहरा,अमर कछवाहा, राजेंद्र तेजवानी, खेमचंद चुगानी एवं सैकड़ों व्यापारी मौजूद थे।



मंडी कार्यालय के सामने धरना-प्रदर्शन करते व्यापारी।

### मंडी प्रशासन ने दिया आश्वासन

मंडी प्रशासन का आश्वासन ने व्यापारी की मांगों पर जल्द समाधान का भरोसा दिया। अधिकारियों ने कहा कि लाइसेंस नवीनीकरण की प्रक्रिया को आसान बनाया जाएगा और व्यापारियों के 10-10 के समूह में बुलाकर लाइसेंस जारी किया जाएगा। इसके अलावा गौशाला निर्माण मांग पर भी विचार किया जाएगा। मंडी की सुरक्षा गार्डों को लेकर सुरक्षा गार्डों को बढ़ाने की भी बात कही और सभी व्यापारियों को आश्वास्त किया की उनकी सभी समस्या का समाधान कर दिया जाएगा।

---

# अवैध नल कनेक्शन के खिलाफ अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

■ **कमर्शियल उपयोग करने वाले अवैध कनेक्शन लेकर कर रहे पानी की बर्बादी**

कल्प पारित किया गया। शहर में नल का अवैध कनेक्शन लेने वालों के खिलाफ नगर निगम ने कार्रवाई शुरू की है, ताकि गर्मी में लोगों को पानी की किल्लत का सामना न करना पड़े।

गर्मी के मौसम में उपजे जल संकट और आने वाले समय में समस्या बढ़ने को दृष्टिगत रखते हुए निगम प्रशासन ने इस ओर प्रयास शुरू कर दिया है। इसी परिप्रेक्ष्य में शहर में अवैध नल कनेक्शन के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। खासकर ऐसे लोग जो अवैध कनेक्शन लेकर उसका उपयोग कमर्शियल कर रहे हैं। शहर में बड़ी संख्या में अवैध नल कनेक्शन लेकर सर्विसिंग सेंटर चलाए जा रहे हैं, जहां बड़ी मात्रा में पानी की बर्बादी संचालकों द्वारा की जा रही है। निगम प्रशासन द्वारा ऐसे सभी अवैध कनेक्शनधारियों को नोटिस भी जारी किया गया है। महापौर श्रीमती पूजा विधानी और निगम कमिश्नर अमित कुमार ने अधिकारियों को इसके खिलाफ वृहद स्तर पर अभियान चलाने के निर्देश दिए। इसके अलावा रैन वॉटर हार्वेस्टिंग और जन जागरूकता अभियान चलाने के भी निर्देश दिए गए हैं।

### जोन दो में 42 लोगों को नोटिस जारी

शहरी में बड़ी संख्या में अवैध नल कनेक्शन लेकर पानी का दुरूपयोग किया जा रहा है। सबसे अधिक जोन क्रमांक दो में है जो अवैध कनेक्शन के जरिए कमर्शियल उपयोग कर रहे और पानी की बर्बादी कर रहे हैं। ऐसे 42 अवैध कनेक्शन के खिलाफ निगम ने नोटिस जारी किया है।



---

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना

प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें

07752-401052 , 8770748558
9754160620, 9691735152

# लूटपाट करने वाले दो नाबालिग सहित 5 गिरफ्तार

**बिलासपुर।** सरकंडा स्थित रामसेतु में चाकू अड़ाकर दो लोगों से कीमती सामान सहित नकद की लूट करने वाले दो नाबालिगों सहित पांच लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

सरकंडा पुलिस के अनुसार, 1 अप्रैल को टिकरापारा निवासी मुकुल यादव पिता खेदूराम यादव 25 साल गुपचुप खाने पुराना पुल रामसेतु के पास गए थे। गुपचुप खाने के बाद वे नीचे नदी की ओर चले गए, जहां पर पहले से मौजूद युवकों ने उन पर चाकू अड़ाकर जेब से 1 हजार रुपए, सोने का लाकेट लूट लिया और भाग गए। वहीं 2 अप्रैल को डबरीपारा निवासी श्रीकुमार मरावी पिता स्व. राम सिदार अपने स्कूटी क्रं. सीजी 10 ईएम, 1204 से घूमने निकले थे। रात 9 बजे रामसेतु के पास स्कूटी खड़ी कर पुल के नीचे गए। कुछ देर बाद वापस आए तो स्कूटी के पास कुछ युवक खड़े थे। युवकों ने बात करने के लिए उनसे मोबाइल ले लिया और स्कूटी लेकर भाग गए। टीआई निलेश पाण्डेय ने स्टाफ को लुटेरों को पकड़ने का निर्देश दिया। सूचना पर प्रधान आरक्षक प्रमोद सिंह, विवेक राय, संजीव जांगड़े, सत्या पाटले व आदि ने जबड़ापारा में दबिश देकर दो नाबालिगों सहित 5 युवकों को हिरासत में लेकर पूछताछ की। युवकों ने लूटपाट करना स्वीकार कर लिया। उनके कब्जे से सोने का लाकेट, मोबाइल, स्कूटी बरामद कर लिया है। पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

### पकड़े गए आरोपी

- सुमित जायसवाल उर्फ भोला पिता मुन्ना जबड़ापारा
- देवेन्द्र जाधव उर्फ राकी पिता परवेन्द्र राव मिश्रा मोहल्ला जबड़ापारा
- सुमित सिंह पिता सोनू सिंह जबड़ापारा
- दो नाबालिग

### अश्लील वीडियो अपलोड करने वाला गिरफ्तार

**बिलासपुर।** सोशल मीडिया में बच्चों की अश्लील वीडियो अपलोड करने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। कोतवाली पुलिस के अनुसार, नई दिल्ली एनसीआरबी साइबर टीम लाइन की रिपोर्ट से संबंधित दस्तावेज व सीडी अवलोकन किया गया। जिसमें शहर के एक युवक के द्वारा सोशल मीडिया पर बच्चों की अश्लील फोटो अपलोड किया गया था। जांच के बाद तालापारा मरीमाई निवासी सरोवर हुसैन मलिक पिता अब्दुल मजिद मलिक 37 साल को गिरफ्तार कर लिया है।



online Booking:-www.tripuryatra.com
Individual & Group Tour
Honeymoon Tours
School Collage Tour

23 मई से 03 जून 2025, 06 जून से 17 जून 2025,
25 जुलाई से 05 अगस्त (सावन में) (12 दिन)

सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
पशुपतिनाथ, माँ मनोकामना देवी, लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव, डेविड फॉल विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक), काठमांडू (बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप, काठमांडू दरबार), गोरखपुर, बनारस (श्री काशी विश्वनाथ ज्योतिर्लिंग), अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि), जनकपुर (सीता मईया का जन्म स्थल), सीतामणी
नेपाल विदेश यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।
राशिः-स्लीपर 17500/-, 3 एसी 27,500/-, 2 एसी 30,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411